2 बस्तर संभाग
घोर नक्सल प्रभावित पलोड़ी में मलेरिया मुक्त अभियान ...

6 अभिमत
कर सुधारों की आवश्यकता

10 संस्कारधानी
जिला प्रशासन के बेतुके आदेश के बाद थम गई शहर की ...

11 न्यायधानी
लॉकडाउन के पहले दिन घण्टों झमाझम बारिश...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-337 मूल्य 3.00 ₹




## राजस्थान की सियासी लड़ाई

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- लोकतंत्र में असहमति को नहीं दबाया जा सकता

### विधायकों की अर्जी पर फैसला सुनाने से हाईकोर्ट को नहीं रोकेंगे, अगली सुनवाई सोमवार को

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

सुप्रीम कोर्ट ने सचिन पायलट समेत 19 विधायकों के अयोग्यता नोटिस के खिलाफ राजस्थान हाईकोर्ट की सुनवाई को रोकने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट अपना फैसला सुना सकता है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। दरअसल, हाईकोर्ट ने स्पीकर सीपी जोशी को इन विधायकों के खिलाफ 24 जुलाई तक कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए कहा है। जोशी ने इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती है।

सुनवाई के दौरान स्पीकर के वकील कपिल सिब्बल ने कहा है कि इस स्टेज पर प्रोटेक्टिव ऑर्डर नहीं दिया जा सकता। हाईकोर्ट ने नोटिस का जवाब देने के लिए समय बढ़ा दिया और कहा कि कोई कार्रवाई नहीं की जाए, यह प्रोटेक्टिव ऑर्डर है। सिब्बल ने कहा कि कोर्ट तब तक कोई दखल नहीं दे सकता, जब तक कि विधायकों को अयोग्य नहीं ठहरा दिया जाए। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का रेफरेंस देते हुए कहा कि हाईकोर्ट स्पीकर को ये आदेश नहीं दे सकता है कि विधायकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करें। स्पीकर अगर विधायकों को अयोग्य ठहराने का प्रोसेस शुरू करें तो कोर्ट दखल नहीं दे सकता।% जस्टिस अरुण मिश्र समेत तीन जजों की बेंच ने सुनवाई की।


फैसले से सचिन पायलट को राहत।

### जोशी ने कहा- स्पीकर को कार्यवाही का हक

जोशी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि संविधान और सुप्रीम कोर्ट ने जिम्मेदारियां तय की हैं। स्पीकर होने के नाते मैंने कांग्रेस के 19 विधायकों को कारण बताओ नोटिस दिया था। अगर अथॉरिटी कारण बताओ नोटिस जारी नहीं करेगी तो उसका काम क्या होगा? दरअसल, मंगलवार को इन विधायकों को जारी अयोग्यता नोटिस मामले में हाईकोर्ट ने लगातार दूसरे दिन सुनवाई की थी। बहस पूरी होने के बाद 24 जुलाई तक फैसला सुरक्षित रख लिया। तब तक स्पीकर इन विधायकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आदेश दिए गए। इसके खिलाफ स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# भूपेश बघेल ने बहन सरोज पाण्डेय की राखी मिलने पर भेजा लुगरा का उपहार

### राखी के साथ भेजे पत्र का जवाब देते हुए कहा- पूर्ण शराबंदी होकर रहेगी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा राखी भेजने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया है। सीएम ने छोटी बहन सरोज पाण्डेय को राखी की परंपरा अनुरूप नगद राशि और लुगरा (साड़ी) उपहार स्वरूप भेजकर परमपिता परमेश्वर से उनके दीर्घायु और सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन की कामना की है. बघेल ने सरोज पाण्डेय को यह भी आवस्स्त किया है कि वे अपनी बहन के सुख-दुख के क्षणों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे. मुख्यमंत्री ने सरोज पाण्डेय द्वारा राखी के साथ भेजे गए पत्र का जवाब देते हुए लिखा है कि भाई बहन के इस पवित्र त्यौहार के अवसर पर आपके द्वारा राजनीतिक मुद्दे को उठाए जाने पर मानसिक कष्ट हुआ।

सीएम ने कहा कि मैं आपसे वादा कर रहा हूं कि छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबंदी होकर रहेगी. हम सब इसकी तैयारी में लगे हैं। हमारी सरकार के कार्यकाल को मात्र 18 माह हुए हैं। हमारे चुनावी वादों को इतनी कम अवधि में ही पूर्ण कराने की आपकी अधीरता समझ से परे हैं. मुझे प्रसन्नता होती यदि आप 15 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा सभी आदिवासी परिवारों को गाय देने, किसानों का धान 2100 रूपए प्रति क्विंटल करने, 5 वर्षों तक 300 रूपए प्रति क्विंटल बोनस देने, आदिवासियों से लघु वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करने, शराब बंदी जैसी वादों तथा प्रधानमंत्री जी द्वारा नागरिकों के बैंक खातों में 15-15 लाख रूपए आने, पेट्रोल का दाम 40 रूपए प्रति लीटर करने, डालर की कीमत 40 रूपए करने, मंहगाई कम करने,1 करोड़ रोजगार प्रति वर्ष उपलब्ध कराने, महिलाओं के लिए संसद एवं ➤शेष पेज 8 पर





**मुझे प्रसन्नता होती यदि आप 15 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण वादों को पूर्ण करने में असफल रहने पर डॉ. रमन सिंह एवं मोदी को भी राखी भेजतीं**

# कोरोना के रिकॉर्ड 45720 नये मामले, एक दिन में सर्वाधिक 1129 की मौत

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) ने देश में पिछले 24 घंटों के दौरान रौद्र रूप दिखाया और रिकार्ड 45720 नये मामलों से कुल संक्रमितों का आंकड़ा 12 लाख के पार तथा एक दिन में संक्रमण से सर्वाधिक 1129 मरीजों की मौत से कुल मृतक संख्या 29681 पर पहुंच गई।

इस दौरान राहत की बात यह भी रही कि एक दिन में सर्वाधिक 29557 मरीजों ने वायरस को शिकस्त दी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को ➤शेष पेज 8 पर

### प्रदेश में कोरोना का आंकड़ा 200 के पार

- **रायपुर में 123 कोरोना मरीज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज भी कोरोना पॉजेटिव मरीजों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लगातार दूसरे दिन पॉजेटिव मरीजों की संख्या 200 के करीब पहुंच गया है। राजधानी रायपुर में आज अभी तक 123 कोरोना पॉजेटिव मरीज सामने आ चुके हैं, जबकि इनमें अभी कुछ और बढ़ोत्तरी होना तय है। प्रदेश में कुल मरीजों का आंकड़ा 200 के पार पहुंचता दिख रहा है, अभी तक करीब 190 मरीजों की पहचान हो चुकी है, जबकि ➤शेष पेज 8 पर

# राज्यसभा में भाजपा हुई मजबूत

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा के ताजा द्विवार्षिक चुनाव में जीते सदस्यों के शपथ ग्रहण के पश्चात राज्यसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 85 हो गई है, और सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के सांसदों की कुल संख्या 102 पहुंच गई है। अब राजग और बहुमत के बीच केवल 22 सीटों का अंतर रह गया है।245 सदस्य राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 123 पर होता है। केन्द्र में सत्तारूढ़ राजग ने 100 का आंकड़ा पार कर बहुमत की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। राज्यसभा में नए सांसदों की शपथ के बाद उच्च सदन के समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस और कमजोर हुई है । उच्च सदन में कांग्रेस की ताकत भाजपा से आधी से भी कम रह गई है।

उच्च सदन में भाजपा सांसदों की की संख्या 85 हो गई है दूसरी तरफ कांग्रेस और कमजोर हुई है और उसके केवल 40 सांसद उच्च सदन में रह गए हैं। कांग्रेस के गठबंधन संप्रग की संख्या 65 है जबकि राजग के सांसदों की कुल संख्या 102 पहुंच गई है। इस तरह राजग और संप्रग के बीच भी अंतर बढ़ गया है।

गौरतलब है कि उच्च सदन में 1990 के बाद बीते तीन दशक से किसी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं रहा है। इसके पहले कांग्रेस के पास राज्यसभा में बहुमत होता था। उस समय अधिकांश ➤शेष पेज 8 पर

# गोधन न्याय योजना: गोबर विक्रेताओं को 5 अगस्त को मिलेगा पहला भुगतान : भूपेश

- **मुख्यमंत्री ने 15 दिन में भुगतान करने के दिए निर्देश- बैंक खाते में सीधे अंतरित की जाएगी राशि**
- **पीपीपी माडल पर कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क विकसित करने के निर्देश**
- **आयुर्वेदिक कम्पनियों को छत्तीसगढ़ में प्रोसेसिंग यूनिट लगाने करें प्रोत्साहित**


पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेताओं को 15 दिन में गोबर खरीदी की राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में वन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई को गोबर खरीदी शुरू कर की गई थी। इसके लिए 15वें दिन 5 अगस्त को गोबर विक्रेताओं को राशि का भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने मुख्य सचिव को सहकारी और ग्रामीण बैंकों सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोबर विक्रेताओं से क्रय किए गोबर की राशि उनके खाते में सीधे अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने गौठानों में गोबर खरीदी का समय निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गौठानों में वेटनरी डॉक्टरों और गौ-सेवकों के भ्रमण के कार्यक्रम भी तय किए जाएं और लोगों की जानकारी के लिए गौठानों के सूचना पटल में प्रदर्शित किए जाएं। श्री बघेल ने गौठानों और चारागाहों की देखभाल के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से बस्तर लौटे युवाओं को वनोपज संग्रहण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों में और गोधन न्याय योजना में जो?कर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और डीएफओ बैठक कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कार्य योजना तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु वनोपजों की मार्केटिंग व्यवस्था पर विशेष रूप ध्यान दिया जाए। वनोपजों के बड़ी मात्रा में उपयोग करने वाली कम्पनियों से अनुबंध कर उनकी जरूरत की गुणवत्ता की वनोपजों और वनोषधियों को प्रसंस्करण करने के बाद कम्पनियों को उपलब्ध कराया जाए, ➤शेष पेज 8 पर



# लॉकडाउन का असर : हरी सब्जियों की किल्लत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर सहित जिले में लागू लॉकडाउन का असर एक ही दिन में दिखने लगा है। हरी सब्जियों की आवक बंद होने तथा बाजार बंद होने से लोग हरी सब्जियों के लिए भटकने के लिए मजबुर हो गए हैं। हालांकि शहर के कुछ इलाकों में फुटकर विक्रेताओं के यहां जान-पहचान के लोग पहुंच रहे हैं और किसी तरह हरी सब्जियों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं।

शहर में टोटल लॉकडाउन का असर अब दिखने लगा है, चौक-चौराहों पर वर्दीधारी प्रत्येक लोगों की चेकिंग कर रहे हैं और घर से बाहर निकलने का कारण भी पूछ रहे हैं। इधर शाम होते ही शहर के कुछ मोहल्लों में फुटकर सब्जी विक्रेताओं के घरों में आसपास के लोगों की दस्तक होने लगी है। हरी सब्जियों की जरूरत सभी परिवार को है, ऐसे में जान-पहचान के लोग फुटकर सब्जी विक्रेताओं के यहां दस्तक दे रहे हैं। बताया जाता है कि हरी सब्जियों के दाम आसमान छूने लगा है। सभी सब्जियों में काम आने वाला टमाटर सीधे 70 से 80 रूपए किलो बिक रहा है। इसी तरह अन्य सब्जियों के दाम भी 60 से 70 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। बाहर से आने वाली सब्जियों की खेप पूरी तरह से बंद हो गई है। लिहाजा जिन फुटकर विक्रेताओं के पास थोड़ी-बहुत सब्जियों का स्टॉक है, वे अब मनमाने कीमत पर सब्जियां बेच रहे हैं। हालांकि इस बात की पूरी तरह से मनाही है, लेकिन लोगों की जरूरत भी ऐसी है कि उन्हें किसी भी कीमत पर हरी सब्जियां चाहिए ही। ऐसे में लोग रिस्क लेकर हरी सब्जियां लेने अपने परिचित के सब्जी विक्रेताओं के यहां दस्तक दे रहे हैं।

## जांच के दौरान पत्नी के संक्रमित होने पर मेडिकल स्टॉप से किया विवाद, मामला दर्ज

कोविड 19 के बढ़ते मामले को देखते हुये भाठागांव उपस्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव में कोरोना संक्रमित मरीजों की जांच की जा रही है,जांच के दौरान एक व्यक्ति अपनी पत्नी के पाजिटिव आने पर स्वयं की रिपोर्ट कैसे निगेटिव आई कहकर लोगों की भीड़ एकत्रित कर संक्रमित मरीजों को अस्पताल ले जाने आई वााहन को देखकर निगम कर्मचारी व मेडिकल स्टॉप के साथ विवाद करने लगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जोन 6 के उप अभियंता पुकेश कुमार साहु 30 वर्ष ने पुरानीबस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बमलेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव थाना पुरानीबस्ती के द्वारा कोरोना जांच शिविर उप स्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव में लगाया गया है। जांच के दौरान एक व्यक्ति ने स्वयं की रिपोर्ट निगेटिव व पत्नी का रिपोर्ट पाजिटिव आने पर कोरोना संक्रमितों को ईलाज के लिये अस्पताल ले जाने एंबुलेंस आने पर आसपास के लोगो को भीड इकट्ठा कर मेडिकल स्टाप एवं नगर निगम कर्मचारी/अधिकारियो से विवाद कर सं मण फैलाने का खतरा उत्पन्न किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 188,269,270 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रदेश में कोरोना हॉटस्पॉट बना रायपुर तीन मौतों के साथ मिले 114 नए मरीज



जिले में नहीं कोरोना का कहर रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है. कोरोना की वजह से गुरुवार को तीन मरीजों की मौत हो गई. इसके साथ कोरोना सं मितों की मौत का आंकड़ा 13 तक जा पहुंचा है। प्रदेश में रायपुर इन दिनों कोरोना हॉटस्पॉट बन गया है. आज 114 कोरोना के नए मरीज मिले हैं. इनमें से 12 मरीज सदाणी दरबार से मिले हैं. इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना सं मितों की संख्या 1503 तक जा पहुंची है, जिनमें से 856 मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है, वहीं आज डिस्चार्ज हुए मरीजों के साथ ठीक होने वालों की संख्या 653 पहुंच गई है।

# माता कौशल्या मंदिर से मिट्‌टी लेकर गौसेवक फैज खान अयोध्या रवाना

## राम मंदिर भूमिपूजन में भेंट करेंगे मिट्‌टी





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में एकता और भाईचारा का संदेश बाँटने वाले, गौ रक्षा के लिए जन-जागरण चलाने वाले प्रसिद्ध गौसेवक मो. फ़ैज़ ख़ान अबकी बार अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं. छत्तीसगढ़ निवासी मो. फ़ैज़ चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर से मिट्टी लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं।

अपनी इस यात्रा पर बातचीत करते हुए मो. फ़ैज़ कहते हैं कि भगवान श्रीराम का बहुप्रतीक्षित मंदिर 500 साल के संघर्ष के बाद में अयोध्या में बनने जा रहा है. 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम मंदिर का शिलान्यास करेंगे. छतीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी और भगवान श्रीराम का ननिहाल है. इस मिट्टी को हम ले जाकर शिलान्यास में भेंट करेंगे. माता कौशल्या को हम छत्तीसगढ़वासी अपनी बहन की तरह मानते हैं. इस तरह से राम हमारे भाँचा हुए. अब जब भाँचा का मंदिर वर्षों बाद अयोध्या में बनने जा रहा है तो हम राम के ननिहाल से मिट्टी भेंट करेंगे. इसे भांचा भेट भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचंद्र जी से प्रेरणा लेकर मैंने रायपुर से लेकर अयोध्या तक पैदल यात्रा करने का निर्णय किया।

# लायंस क्लब कैपिटल ने वृक्षारोपण किया, धरा के आभूषण हमारे वृक्ष

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पर्यावरण संरक्षण के लिए पुलिस ग्राउंड में वृहद वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर एजाज ढेबर, आईजी आनंद छाबड़ा एसएसपी अजय यादव, पार्षद निशा देवेंद्र यादव के आतिथ्य में सभी विशेष अतिथियों के द्वारा पुलिस ग्राउंड में वृक्ष लगाए गए। सचिव स्वाति बोजन ने बताया कि इस कार्यक्रम में पी एम जे एफ लायन त्रिलोकचंद बरडिया, रीजन चेयरमैन ला. ईश्वर अग्रवाल,ला. प्रेम प्रकाश शर्मा ,जोन चेयर मैन, ला.मधु यादव एवं ला.राजेश चौरसिया क्लब अध्यक्ष ला. जया सूर ला. चैताली मुखर्जी के साथ ग्रीन आर्मी के सदस्य इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । डिस्ट्रिक्ट 3233 सी कि पर्यावरण चेयरमैन लायन रंजना महावर के द्वारा इस कार्यक्रम में 511 पौधे पुलिस कर्मियों को वितरित किए गए । सभी अतिथियों के द्वारा अपनी नाम पट्टिका के अनुसार वृक्षारोपण किया गया । गृह मंत्री, महापौर और पुलिसकर्मियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। सभी ने धरा के इस मुख्य आभूषण (वृक्षों) के संरक्षण का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री ने बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बघेल ने अपने निवास कार्यालय में स्वर्गीय महंत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने महन्त को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनका पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ-साथ सफल राजनेता के रूप में उनकी छवि रही है। महन्त ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। उन्होंने क्षेत्र में खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के माध्यम से लोगों की बेहतरी के कार्यों को बखूबी अंजाम दिया। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि स्वर्गीय महन्त के बताये जनकल्याण के मार्ग पर चलकर प्रदेश में विकास को नये आयाम देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और शिशुपाल सोरी, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य-पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे भी उपस्थित थे।

## जून माह में अरहर दाल नहीं ले पाए हैं, वे जुलाई में ले सकेंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बी.पी.एल श्रेणी के सभी राशनकार्डधारियों को जून माह में प्रति कार्ड एक किलोग्राम निःशुल्क अरहर दाल देने निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जून माह में वितरण के लिए अरहर दाल का आबंटन जारी किया गया है। बीपीएल श्रेणी के जो राशनकार्डधारी जून माह में अरहर दाल नहीं ले पाएं हैं, वे अपनी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से जून माह का निःशुल्क अरहर दाल जुलाई माह में ले सकते हैं । राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस सं मण के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए जून माह में अवितरित अरहर दाल का वितरण पात्र राशनकार्डधारियों को जुलाई माह में करने के निर्देश राज्य के सभी कलेक्टरों को दिए गए हैं ।

# इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज का संयुक्त वेबीनार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कालेज के संयुक्त तत्वावाधान में कोविड-19 के समय जनजातियों के जीवन का विवरण विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी के समाज कार्य के अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश सिंह स्वागत भाषण दिया, साथ ही उन्होंने इस वेबीनार के विषय का विस्तृत ब्यौरा दिया. वेबीनार के सह संयोजक डॉ विष्णु मोहन दास ने मुख्य अतिथि से परिचय कराया. इंदिरा गांधी ट्राइबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफ़ेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी ने आदिवासियों के सामाजिक सांस्कृतिक आर्थिक एवं राजनीतिक समस्याओं एवं समाधान ओं के उपायों के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम के संरक्षक एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जीके अरोरा जी ने कोरोना संक्रमण काल में आदिवासी के समस्याओं के विभिन्न आयामों प्रकाश डाला।

साथ ही उन्होंने आदिवासियों के पारंपरिक अभ्यास, चिकित्सा ज्ञान एवं पारिस्थितिक तंत्र में आदिवासियों की उपस्थिति की महत्ता को बताया. इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी के रजिस्टर पी. सिलुवेनाथन जीने आदिवासियों के खाद्य प्रसंस्करण के पारंपरिक ज्ञान के बारे में बताया. दिल्ली यूनिवर्सिटी के दिल्ली समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर पामेला सिंगला जी ने बैगा जनजाति के ऊपर किए गए कार्य के अनुभवों साझा किया. उनके द्वारा क्या किया सूक्ष्म अवलोकन शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अवश्य ही उपयोगी होगा. दिल्ली विश्वविद्यालय के ही समाज कार्य विभाग के वरिष्ठ अध्यापिका डॉ अर्चना कौशिक ने संक्रमण काल में आदिवासियों के जीवन में आए कठिनाइयों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें आदिवासियों को मदद करने के बारे में सोचने के बजाय उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए. इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर इंडेंचर्ड लैंग्वेजेस प्राध्यापक प्रोफ़ेसर दिलीप सिंह जी ने सतपुड़ा के जंगल की विविधता एवं बैगा जनजाति के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम के अंतिम वक्ता इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ ट्राइबल स्टडी के प्रोफ़ेसर प्रसन्ना के. समलने बैगा जनजाति के सामाजिक-राजनीतिक संरचना का परिचय दिया।

## ढाई साल के सीएम की खबरों को टीएस ने बताया मीडिया की उपज

**रायपुर।** करीब दो साल बाद स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री पद के लिए ढाई-ढाई साल के टर्म की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने इसे मीडिया की उपज बताया है।



अंबिकापुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि राजनीति में कोई कमिटमेंट नहीं होता.लिखित अनुबंध नहीं होता। हाईकमांड का निर्णय सर्वमान्य होता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कोई दो दिन का मुख्यमंत्री रहता है तो दूसरी तरफ कोई 15 साल तक मुख्यमंत्री रहता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के भूपेश बघेल बनने के समय से ही ये बात चर्चाओं में रही है कि हाईकमांड ने भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री का समझौता कराया है।

# डॉ.रमन सिंह ने एक बार फिर साधा सरकार पर निशाना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर सरकार के आर्थिक प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं. अपने ट्वीट में रमन ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- इस योजना का नाम 'प्रचार-प्रसार न्याय योजना ज्यादा उचित लग रहा है'



डॉक्टर रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि- सरकार का अविश्वसनीय, अकल्पनीय आर्थिक प्रबंधन देखिए कि एक दिन में दो हजार क्विंटल मतलब 4 लाख रूपए का गोबर खरीदा और विज्ञापन व प्रचार-प्रसार में करोड़ों रूपए खर्च कर दिए.

यह पहला मौका नहीं है जब रमन सिंह ने गोधन न्याय योजना पर सवाल उठाए हो. दो दिन पहले किए गए अपने एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा था कि- 'कालीन के नीचे की सच्चाई बस यही है, हकीकत में तो कागजों में ही तरक्की है. भूपेश जी आत्ममुग्धता से बाहर निकलिये और खुली आंखों से योजनाओं की सच्चाई देखिए. नरवा-घुरवा से लेकर रोका-छेका तक सारी योजनाएं सिर्फ सफेद हाथी ही हैं जो 'जमीन' की जगह सिर्फ 'विज्ञापन' तक पहुंची हैं।'रमन ही नहीं, बल्कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल सरीखे वरिष्ठ नेता भी गोबर खरीदी की योजना पर सरकार पर सवाल उठा चुके हैं. हालांकि बीजेपी के इन तमाम बयानों से कांग्रेस इत्तेफाक नहीं रखती. कांग्रेस का कहना है कि यह बीजेपी की सियासत है।

## बायो-इथेनॉल एवं खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं पर वेबीनार आयोजित

# इथेनॉल का उपयोग अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइजर बनाने में किया जाएगा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पी. अरुण प्रसाद, प्रबंध निदेशक-सीएसआईडीसी, छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संबोधन में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की प्रदेश में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक के मुताबिक कारोबार की सुगमता के लिहाज से छत्तीसगढ़ सर्वोच्च उपलब्धियां हासिल करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है। सरकार की योजना प्रदेश में जिला व प्रखंड स्तर पर 200 फूड पार्क स्थापित करने की है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ देश में तेजी से तरक्की करने वाले मजबूत राज्य के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में 80 फीसदी लोग कृषि और कृषि आधारित व्यवसाय पर आश्रित हैं। हमारे यहां 88 प्रजातियों के औषधीय पौधे उगाए जाते हैं और सरकार इथेनॉमेडिसीन इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने में सदैव आगे रही है। इस कार्य में सदियों से अनुसूचित जाति के लोग लगे हैं। छत्तीसगढ़ की सीमाएं 7 राज्यों से मिलती हैं। हमारा प्रदेश रेल, सड़क और हवाई यातायात की दृष्टि से समृध्द है और देश का लॉजिस्टिक्स हब बनने की पूरी क्षमता रखता है।

यहां यह उल्लेख करना आवश्यक होगा कि छत्तीसगढ़ अपनी जरूरत से अधिक (अधिशेष) धान उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। ताजा आंकड़ों के हिसाब से राज्य में 80 लाख टन धान की खरीद की गई है जो भविष्य में और बढ़ेगी। हाल ही में, केंद्र सरकार ने अधिशेष चावल को इथेनॉल में बदलने की अनुमति दी है। इस इथेनॉल का उपयोग अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइज़र बनाने और पेट्रोल सम्मिश्रण में किया जाएगा। वाणिज्य और उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ राज्य में इथेनॉल संयंत्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव (ईओआई) मांगे हैं। इस सिलसिले में 21 जुलाई 2020 को हुई प्री-बिड मीटिंग के दौरान प्रतिभागियों ने कोविड19 महामारी की वजह से अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक बढ़ाए जाने का अनुरोध किया। श्री पी. अरुण प्रसाद ने इच्छुक बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने प्रस्ताव निर्धारित आवेदन प्रारूप (ईओआई) के अनुसार ही प्रस्तुत करें। संजय शुक्ला-आईएफएस, एमडी-छत्तीसगढ़ राज्य लघु वन उपज सहकारी समिति ने इस अवसर पर कहा कि लघु वन उपज के संग्रह और प्राथमिक प्रसंस्करण को सुगम बनाने के साथ-साथ लघु वन उपज प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और इसका वास्तविक लाभ सीधे इस कारोबार से जुड़ी ग्रामीण आबादी को होगा। उन्होंने आह्वान किया कि लघु वन उपज खरीदें, उनका प्रसंस्करण करें और 31 मार्च 2022 तक अत्याधुनिक प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना कर यह कारोबार 500 करोड़ रुपये से ऊपर ले जाएं तभी ग्रामीण पृष्ठभूमि के 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा। इससे पूर्व प्रदीप टंडन, अध्यक्ष, फिक्की छत्तीसगढ़ ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि आज प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की आवश्यकता है क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्रों के शहरीकरण में मदद करेगा, कच्चे कृषि उत्पादों का मूल्यवर्धन कर बेहतर कीमत दिलाएगा, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा और साथ ही अर्थव्यवस्था के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष गुरप्रीत ने किया पदभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की उपस्थिति में 21 जुलाई को मध्यान्ह में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री भगत ने बाबरा को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उपस्थित मंत्रियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं और बधाई दी। गुरप्रीत सिंह बाबरा ने पद ग्रहण पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कभी पीछे नहीं रहेंगे और अपने पद के कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। बाबरा ने अपने सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया।

# घोर नक्सल प्रभावित पलोड़ी में मलेरिया मुक्त अभियान में डाक्टर ने निभाई शिक्षक की भूमिका

## नदी-नाला पार कर 9 गांवों में 3519 लोगों की जांच

■ जिसमें 47 मलेरिया पाजिटिव मिले जिनको दी गई दवाई

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com







इन दिनों मलेरिया मुक्त अभियान चल रहा है। जिले के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में डाक्टरों की टीम दस्तक दे रही है। ऐसे में पलोड़ी पहुंचे डाक्टर वैष्णव ने बंद पड़ी स्कूल में बच्चों को पढ़ाया और गांव के लोगो की जांच की ।इन 4 दिनों में 9 गांवों के कुल 3519 लोगो की जांच की गई। जिसमें 47 मलेरिया पाजिटिव मिले जिनका उपचार किया गया।

जिले के घोर नक्सल प्रभावित इलाका किस्टाराम जहां पर उप स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों की टीम पहुंची। उसके बाद टीम ने आसपास के ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। 4 दिनों में पोटकपल्ली, डुबामरका, सालातोंग, पलोड़ी, करिगुड़म समेत आसपास के गांवों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां सड़के नहीं है उन इलाकों मे नदी-नाला पार कर पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर लगाकर इन गांवों में 3519 लोगो की जांच की गई। मलेरिया के अलावा भी कई प्रकार की जांचे की गई। जिसमें 47 लोग मलेरिया से पीड़ित मिले जिनको दवाई दी गई। इसके अलावा भी कई लोग सर्दी-खासी व मौसमी बीमारी से पीड़ित मिले उनको भी दवाई दी गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण भी किया गया।

# सुरक्षा बल के जवानों ने किया नक्सली कैम्प ध्वस्त

■ एंटापाड़ के जंगलों में किया केम्प ध्वस्त, टेंट, डेटोनेटर समेत काफी सामान बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



नक्सल आपरेशन के लिए निकली सुरक्षा बल की टीम ने एंटापाड़ के जंगलों में एक नक्सली केम्प को ध्वस्त किया है। वहां पर टेंट, डेटोनेटर, जिलेटिन राड समेत काफी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को बुकार्पाल व चिंतागुफा से एसटीएफ, सीआरपीएफ, कोबरा व डीआरजी जवानों की संयुक्त पार्टी नक्सल आपरेशन के लिए तुमालपाड़ व एंटापाड़ के लिए रवाना हुई। पेंटापाड़ की और सर्चिंग करते हुए पार्टी पहुंची तो नक्सलियों ने दूर से देखा और जंगल का सहारा लेते हुए भाग गए। मौके पर जवानों ने नक्सलियों के अस्थाई कैंप को ध्वस्त कर दिया। और विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया। उसके बाद जवान वापस कैंप लौटे।

# बचेली में दिखा लॉकडाउन का असर

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com



गुरुवार 23 जुलाई को बजार मे लॉकडाउन का असर दिखा. बचेली मे करोना संक्रमण की लगातार बढ़ती संख्या से लोगों में दहशत का माहौल प्रशासन की तरफ से निर्देश दिया गया की बच्चे और वरिष्ठ का पूरी तरह से ख्याल रखें अनावश्यक बाहर ना निकले. लॉकडाउन नियमों के उललंघन या लापरवाही करने वालो पर करयवाही की जाएगी. करोना की लड़ाई मे पुलिस, प्रशासन, चिकित्सा विभाग ने सहयोग की अपील की. सावधानी ही बचाव हैं घर पर अपनों के साथ रहें सुरक्षित रहें।

# लॉक डाउन में कलिंगा सोशल वेलफेयर टीम ने लोगों को घर में रहने की समझाइश दी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के आदेशानुसार कोविड 19 से बचने जिला प्रशासन द्वारा जारी गाईड लाईन को कलिंगा सोशल वेलफेयर की टीम के द्वारा एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर की टीम के द्वारा लॉक डाउन की प्रथम दिवस में आरके दुर्गा के नेतृत्व संस्था महासचिव किशोर जाल सदस्य एसएच अजहर, राजेश साहू इनके द्वारा नगर में अनावश्यक घूम रहे हैं लोगो को घर में रहने की समझाईस दी जा रही है और साथ ही लोगो को मास्क वितरण करके सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में लोगों में प्रचार का कार्य किया जा रहा है । संस्था प्रमुख आरके दुर्गा ने बताया कि हमारी कलिंगा सोशल वेलफेयर की टीम आगे भी निरन्तर कोविड 19 से लड़ने लोगों और ग्रामीणों में जागरूकता का कार्य करते रहेगी।

# हरदेव सिन्हा की मृत्यु पर आक्रोशित भाजयुमो

■ शासन की वादाखिलाफी और संवेदनहीनता ने ले ली गरीब युवक की जान!

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी इतना भयानक रूप ले लेगी यह कभी सोचा ही नही था। मुख्यमंत्री निवास के मुख्यद्वार पर बेरोजगार युवक हरदेव सिन्हा द्वारा आत्मदाह और उनकी मृत्यु बेहद चिंता का विषय है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुदीप झा ने कहा कि बेरोजगारी से नवयुवक हताश परेशान हो रहे हैं और सरकार शराब में मस्त है। छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, शासकीय नौकरियां, समूह ऋ ण माफी जैसे सब्जबाग दिखा कर सत्ता में आये कांग्रेस के नेता अब उन्ही युवाओं महिलाओं और बेरोजगार नोजवानों पर आंखें तरेर रही है। रोजगार की गुहार लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे युवा नौजवान से मुख्यमंत्री नही मिले, जिससे व्यथित होकर हरदेव सिन्हा ने आत्मदाह जैसा हृदयविदारक कदम उठा लिया। जिनकी आज मृत्यु हो गयी। उन्होंने कहा कि निश्चित ही कांग्रेस सरकार द्वारा बेरोजगारों को शासकीय नौकरी या भत्ता देने का वादा पूरा नही करना जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री,



उनके सलाहकार और अमला थोड़ी भी संवेदनशीलता दिखाते तो आज एक बेटी विधवा नही होती, एक पिता अपना जवान बेटा नही खोता, एक छोटे से बच्चे के सर से उसके पिता का साया नही उठता। हरदेव किस कदर परेशान रहा होगा तब वह मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी तकलीफ बताना चाह रहा था। परंतु उसे कहां पता था कि उस बंगले में निर्दयी लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक वकील की हत्या पर कांग्रेस के सभी राष्ट्रीय नेता चिल्ला उठते हैं, यहां तक की मुख्यमंत्री योगी जी पर घृणित निजी आक्षेप करने, कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा योगी जी की संतान नहीं होने जैसा अशोभनीय और अभद्र आक्षेप तक करने लगते हैं, लेकिन कांग्रेस शासित राज्य में ऐसी घटनाओं पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर क्या कहा जाय? श्री झा कहा कि भाजपा, कांग्रेस की तरह अभद्र आक्षेप नहीं कर सकती लेकिन यह तो पूछ ही सकती है कि इतने दर्दनाक घटना अपर राहुल गांधी की चुप्पी का आखिर रहस्य क्या है?

भाजयुमो जिलाध्यक्ष झा ने कहा कि प्रदेश में कुरीति, कुनीति, कुशासन, कुप्रबंधन चरम पर है। इससे प्रदेश के युवा छला हुआ महसूस कर रहे हैं जिसकी परिणति प्रदेश के एक युवा की मृत्यु के रूप में सामने आयी। सरकार की तो निर्लज्जता देखिए, आत्मदाह करने वाले नवयुवक को प्रदेश सरकार में बैठे कांग्रेस के नेता मानसिक रोगी साबित करने की जुगत में लग गए थे। सरकार में आकर लूटखसौट करने के लिए कांग्रेस के ये नेता किस हद तक गिर सकते हैं, हरदेव सिन्हा के आत्मदाह से निधन ने यह फिर साबित किया है। सरकार में आने के लिए इन लोगों ने क्या कुछ झूठे वादे नही किये। इनके नेता राहुल गांधी में यदि जरा भी इंसानियत मानवता सद्भावना बाकी हो तो वे तत्काल भूपेश बघेल से इस मृत्यु की पूरी रिपोर्ट तलब करें।

# ये एक ऐसा दौर जिसमें बैंक कर्मियों के कार्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : किशोर जाल

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के वजह से संपूर्ण भारतवर्ष में लॉकडाउन की गई और इस कोरोना काल के दौर में बैंक कर्मियों द्वारा दी जा रही सेवा भी अतुल्नीय है।ये ऐसा वक्त है जब कोरोना योद्धा के रूप में हमें बैंक कर्मियों के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। इस कोरोना नामक महामारी से युद्ध में पूरा देश लगा हुआ है तो वहीं विश्व के कई बड़े संस्थान के शोधकर्त्ता एवं वैज्ञानिक कोरोना के दवा एवं वेक्सीन बनाने में दिन रात प्रयासरत है किन्तु अब तक सफलता हाथ नहीं लगी।

इस बीच राष्ट्र के कई बड़े नेता और जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए लोग लगातार ऐसे लोगों की हौसला अफजाई कर रहे हैं जो इस समय पूरी तरह से इसकी रोकथाम और उपचार में जुटे हैं जैसे डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ,पुलिस बल,सफाई कर्मचारी यह सभी प्रथम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं में सम्मिलित है साथ दूध,अखबार आदि पहुंचाने वाले लोग सबकी निगाहों में आदर का भाव प्राप्त कर रहे हैं जो अच्छा और उचित भी है।इस महामारी में भी ये लोग अपने जान की बाजी लगाकर काम कर रहे हैं तो इनकी तारिफ होनी ही चाहिए. लेकिन इस सारी कवायद में बैंक कर्मी बिल्कुल भी नजर नहीं आते किसी अखबार या टी वी चैनल पर उनके बारे में कोई जिक्र भी नहीं किया गया।



बैंक कर्मियों के कार्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए

इसी दौर में एक वर्ग ऐसा भी है जो उतनी ही लगन से अपने कर्तव्य और जनता की सेवा में लगा हुआ है जितने कि अन्य कोरोना यौद्धा के।आज की तारीख में किसी को सबसे ज्यादा लोगों के संपर्क में रहना पड़ रहा है तो वह बैंक कर्मी ही हैं।पुलिस वालों के पास जाने की हिम्मत कितने लोग जुटा पाते हैं और डॉक्टर्स तथा पैरा मेडिकल स्टाफ के पास भी सिर्फ वही लोग जाते हैं जो इस लक्षण से पीड़ित हैं फिर भी सबसे ज्यादा खतरा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ही उठाई जा रही है इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं लेकिन आज तकरीबन हर बैंक में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग पहुँचकर बैंक कर्मी के सीधे संपर्क में आते है जो भी ग्राहक बैंक शाखा में जा रहा है उसके बारे में किसी को कुछ पता नहीं होता वह संक्रमित है या नहीं इस तरह का खतरा उठा रहे है देश में सैकड़ों बैंक कर्मी कोरोना संक्रमण का शिकार हुए बावजूद इसके बैंककर्मी लगातार अपने कार्य में लगे हुए है।

साथ ही सामाजिक दूरी एवं शारीरिक दूरी का अनुपालन भी बैंक कर्मियों को ही करवानी पड़ रही है क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा बैंकों को इसकी जिम्मेवारी दी गई है और न ही इतने पुलिसकर्मी हैं जो बैंकों के पास हर समय खड़े रहकर लोगों की लाइन लगवाते रहे परिणामस्वरूप यह सभी काम भी बैंक वालों को ही करना पड़ रहा है।

# आजाद,तिलक व बिसाहूदास महंत को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

महान शहीद चन्द्रशेखर आजाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की जयंती व अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन कोंडागांव में जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान की उपस्थिति में श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शिशिर श्रीवास्तव, जिलामहामन्त्री गीतेश गांधी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तब्बसुम बानो, जिला प्रवक्ता तरुण गोलछा, राजीव ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल, सुब्रत राय, सकुर खान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नन्दू दीवान, शहर महिला कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन, बब्बू दहिया, रितेश गोयल, पारस गोस्वामी, कल्पेश दीवान, बुधराम मरकाम आदि उपस्थित रहे ।

### छग टीचर्स एसोसिएशन विभाग पर लगाया उपेक्षा का आरोप

# शिक्षको के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति के लिए चरणबद्ध मांग

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला,नोहर सिंह साहू,खोमेन्द्र देवांगन, अमित देवनाथ,सुभाष कोडोपी, भरत कुमार दुबे,शंकर चौधरी,अजय साहू,केशव स्वर्ण,नारायण साहू, ने कहा है कि सभी विभाग में पदोन्नति जारी है, किन्तु शिक्षा विभाग ने अभी तक एल.बी.संवर्ग के शिक्षकों का पदोन्नति नही किया है, सबसे ज्यादा प्रभावित सहायक शिक्षक संवर्ग है, जिन्हें न्यूनतम वेतनमान मिलता है।10 वर्ष की सेवा में क्रमोन्नति व 5 वर्ष की सेवा में पदोन्नति का नियम है, किन्तु हजारो शिक्षक संवर्ग को 23 वर्ष की शिक्षकीय सेवा में भी क्रमोन्नति व पदोन्नति नही दी गई है हमेशा दो विभाग के बीच हमारी सेवाओं को उलझाया जाता है।

प्रदेश में शिक्षा विभाग प्रयोगशाला बन चुका है, नित नए कार्ययोजना के कारण एक लक्ष्य की प्राप्ति नही होती है। नए कार्य को प्रचारित कर विभाग सुर्खियों में होता है, वास्तव में विभाग के शिक्षको के सेवा शर्त व कल्याण पर कोई कार्य नही हो रहा है, 1998 से शिक्षक एल बी संवर्ग शालाओ में शिक्षण कार्य कर रहे है, कई शिक्षक बिना पेंशन, जीपीएफ, अवकाश नकदीकरण व क्रमोन्नति/पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो गए, लेकिन विभाग ने कभी सुध नही ली, लगातार मांग के बाद भी नियम का हवाला देकर सेवा के बाद रिटायर शिक्षक को अंधेरे गली में छोड़ दिया गया। 1998 से लगातार भर्ती किये गए हजारो शिक्षाकर्मियों को आज तक क्रमोन्नति व पदोन्नति नही मिली। एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर क्रमोन्नति का प्रावधान है, किन्तु नियम कायदे के चक्कर मे विभाग ने शोषण ही किया है। प्रदेश में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के 22 हजार पद रिक्त है, सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग ही वहाँ प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे है, उन्हें ही पदोन्नति देकर विभाग की गुणात्मक व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है, इससे शिक्षको को वित्तीय लाभ के साथ सेवा संतुष्टि मिलेगी। व्याख्याता व शिक्षक के वेतन अनुपात में ही शिक्षक व सहायक शिक्षक का वेतन भी निर्धारित करने आवश्यकता है, जिससे सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर होगी। 2 वर्ष की सेवा में 1 जुलाई 2020 को सम्पूर्ण संविलियन, प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर क्रमोन्नति, शिक्षकीय सेवा के आधार पर पदोन्नति, सहायक शिक्षक को व्याख्याता - शिक्षक के आनुपातिक वेतनमान व व्याख्याता को द्वितीय श्रेणी उच्च स्तर का वेतनमान, पुरानी पेंशन बहाली, अनुकम्पा नियुक्ति, लंबित महंगाई भत्ता का विषय वर्तमान में ज्वलन्त है।

एक बड़े हड़ताल के बाद सहायक शिक्षकों के मन मे शासन और कुछ शिक्षक समूह से मोह भंग हुआ, और शिक्षको के संघ के अलग समूह केवल वेतन विसंगति के मुद्दे पर बनाया,फिर भी सफलता नही मिली आवश्यकता है कि एक साथ एक मंच पर आकर अपनी मांगों को बुलंद करे व सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर करे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विशेषतः ऐसे सहायक शिक्षक सहित शिक्षक व व्याख्याता संवर्ग के लिए ही क्रमोन्नति, पदोन्नति देने व वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर चरणबद्ध मांग - ज्ञापन देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत प्रदेश स्तर पर 23 व 24 जुलाई 2020 संभाग स्तर पर 30 व 31 जुलाई 2020 जिला स्तर पर 7 से 10 अगस्त 2020 ब्लॉक स्तर पर 17 से 20 अगस्त 2020 को मुख्यमंत्री व मुख्यसचिव के नाम तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर एवं को मांगपत्र दिया जाएगा।

# पुराने मकान की दीवार ढहने से बच्चे की मौत



**कोंडागांव ।** कोंडागांव जिला के फरसगांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत आंवराभांटा सोडापारा की दुर्घटना पुराने घर की दिवार ढह जाने से एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे रायपुर रिफर किया गया है। परिजनों द्वारा सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार साहू उप निरीक्षक राजकुमार कोमरा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच में जुट गए। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार घायल महिला रामेबाई नेताम पति नाथूराम नेताम उम्र लगभग 50 वर्ष सुबह 9.00 बजे के आसपास अपने घर की बाड़ी में स्थित पुराने मकान की दीवार से ईंट निकालने में जुटी हुई थी। उसी दौरान बालक भूपेंद्र नेताम पिता हेमसिंह नेताम उम्र 04 वर्ष बाजू में खेल रहा था। इतने में दीवाल से ईंट निकालने के चलते पुराने मकान की दीवार भरभरा कर ढह गयी। और महिला एवं बालक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दीवार से दबकर बालक भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई और महिला रामेबाई गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को तुरंत परिजनों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां से बेहतर चिकित्सा के लिए उसे रायपुर रिफर किया गया।

## महिला कृषि मित्र और पशु सखी जैविक खेती के कर्णधार बने

# जैविक खेती को बढ़ावा देने महिला समूहों ने कमर कसी

■ छुरा विकासखंड के 140 गांव के 14 हजार महिला किसान जैविक खेती कर नया आयाम गढ़ रही

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संवहनीय कृषि परियोजना से गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के 140 गांव के स्व सहायता समूहों के 14 हजार महिला किसान जैविक खेती कर एक नया आयाम ग? रही है। कोरोना वायरस के चलते सभी गांव में परियोजना को सुचारू रुप से संचालन करने हेतु गांव के ही सक्रिय महिला कृषि मित्र और पशु सखी एक ढाल बनकर कार्य कर रही है। महिला कृषि मित्र और पशु सखी स्वयं के प्रशिक्षण के उपरांत गांव स्तर पर स्व सहायता समूह की संवहनीय किसी कार्यक्रम के लिए प्रेरित कर रही है। इस कार्य के लिए प्रत्येक ग्राम में एक महिला कृषि मित्र और एक पशु सखी कार्यरत हैं। महिला कृषि मित्र और पशु सखियों के माध्यम से लोगो को जैविक खेती को ब?ावा देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए शरीर को स्वस्थ एवं सुपोषित किया जा सकता है। रासायनिक कीटनाशकों की उपयोगिता को धीरे धीरे कम करके जैविक कीटनाशक को ब?ावा देकर खेती किसानी का लागत को कम किया जा सकता है। छुरा विकासखंड के शिव शक्ति, जय मॉ संतोषी,जय मॉ चन्द्रहासनी, जय मॉ लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

छुरा विकासखंड में महिला समूहों द्वारा जैविक तरीकों से घर पर बैठकर सभी प्रकार की खाद जैसे गोबर खाद, नाडेप खाद, वर्मी कंपोस्ट, घनाजीवामृत, द्रव्य जीवामृत एवं कीटनाशक जैसे निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नास्त्र दवा आदि तथा फफूंद नाशक जैसे बेल पत्ती की दवा, खट्टा-मठा आदि जैविक उत्पाद को प्रोत्साहित कर लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि को समझाया जा रहा है। कीट प्रबंधन के लिए गोबर और गोमूत्र एवं विभिन्न प्रकार के स्थानीय पेड़ पौधे की पत्तियों से बने दवा, चिड़िया मीनार आदि को उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि सखियों और पशु सखियों के द्वारा महिला किसानों जैविक खेती के लिए प्रेंरित कर रही है। साथ में धान की उन्नत पद्धति जैसे श्री-विधि से धान रोपाई एवं लाइन व पारा विधि से धान रोपाई महिला किसानों को कम खर्च में अधिक उत्पादन देने का मार्ग भी बता रहे हैं। साथ-साथ कृषि टूल बैंक जैसे वीडर, मार्कर, ग्राईंडर ,फावड़ा, कुल्हाड़ी हैंड जैसे मिनी राइस मिल आटा चक्की आदि के संचालन के बारे में भी सुचारू रूप से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

हर घर बाड़ी, हर घर किचन गार्डन का सूत्र से भी सभी घरों को बड़ी योजनाओं से जुड़ने के लिए कृषि मित्र, पशु सखी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त शत-प्रतिशत पशुओं के टीकाकरण, उन्नत नस्ल के पशुओं व कुक्कुट पालन के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिला किसानों को विभागीय योजनाओं से अभिसरण के माध्यम से अतिरिक्त लाभ दिलाने का प्रयास भी सी.एम.एस.ए परियोजना से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बैकयार्ड, मुर्गी, बकरा ,बकरी ,सॉड, सुअर आदि का वितरण के लिए महिला किसानों का चयनित किया गया है।

# चीतल को मारकर मांस आपस में बांट लिया, 5 जेल दाखिल

## चीतल को मारने की मामले में अभियुक्तों पर अपराध दर्ज



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गत दिवस वन परिक्षेत्र पाण्डुका द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराधी भवानी पिता बरातू जाती कंवर ग्राम गायडबरी एवं अन्य 5 अभियुक्त को जेल दाखिला कराया गया। 18 जुलाई 2020 को आरोपियों द्वारा एक नर चीतल वयस्क को मारकर उसका मांस बनाकर आपस में बांट लिया गया। जिसकी सूचना मुखबिर के माध्यम से मिलने पर वनमण्डाधिकारी श्री मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में टीम बनाकर अपराध में शामिल व्यक्ति भवानी दीवान से पूछताछ किया गया व उनके निशानदेही पर घटनास्थल से चीतल का खाल बरामद किया गया व उनके साथ अभियुक्त आत्मा राम दीवान की बाड़ी से खुदाई कर चीतल का सींघ व मुंडी बरामद किया गया। अपराध में शामिल अभियुक्त में लाल सिंह पिता बिसहत दीवान, घनश्याम पिता शत्रुहन गोंड़, टिकेश पिता अमरसिंह गोंड़, भागवत पिता स्व धनसिंह गोंड़,निवासी ग्राम गायडबरी थाना छुरा जिला गरियाबंद, अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल दाखिला कराया गया। उक्त कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी पाण्डुका संजीत मरकाम, धर्मेन्द्र निराला (वनरक्षक पोंड) लोकेश श्रीवास (वनरक्षक) सांकरा फिरोज खान, घनश्याम ध्रुव डिगेश्वर ठाकुर, नेहरू ध्रुव, अजय चेलक, भीखम दीवान उपवनक्षेत्रपाल सखाराम नवरंगे एवं टी. आर. वर्मा आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# गोधन न्याय योजना का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद सरायपाली के कम्पोस्ट शेड वार्ड नं 07 में गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया गया। जिसमें विधायक किस्मत लाल नंदए नगर पालिका अध्यक्ष अमृत लाल पटेलण् वार्ड नं 08 पार्षद हरदीप सिंह रैना ए वार्ड नं 07 पार्षद सीता सतपति, वार्ड नं 01 पार्षद खीरचंद बारी, विकास सिंह, गोपाल अग्रवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीर सागर नायक, लेखापाल कृपाराम चौधरी, राजस्व निरीक्षक मनीष कुमार निषाद, राजस्व उपनिरीक्षक महावीर चौधरी एवं अन्य कर्मचारीगण, पशुपालक उपस्थित थे।

# केना स्कूल में ऑनलाइन क्लासेस में बच्चों ने दी अपनी सहभागिता

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम एवँ हमर पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम राज्य में संचालित हो रहीं हैं। जिसमें सभी शिक्षक अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इस योजना के सफ ल क्रियान्वयन हेतु रोचक एवँ ज्ञानवर्धक गतिविधियों को विशेष स्थान मिल रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दृ केनाए संकुल केन्द्र दृ चट्टीगिरोला सरायपाली के व्याख्याता शैलेन्द्र कुमार नायक का प्रयास विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

सरकारी शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु समर्पित नवाचारी शिक्षक शैलेन्द्र नायक का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों को कुछ परेशानियाँ जरूर हो रहीं हैं, लेकिन पढ़ने की रूचि और जिज्ञासा भरी हुई हैं। अभी के समय में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और सक्रिय रखने वाली गतिविधियाँ बेहद खास हैं। स्काउटिंग में तो इसी तकनीक से बच्चों को आसानी से विषयों को समझाया और सिखाया जाता है। सामान्य कक्षा एवँ केवल विषयों के अध्यापन से बच्चे बोर हो जाते हैं।

रचनात्मक गतिविधियों में चित्रकारी, कबाड़ से जुगाड़, मिट्टी के खिलौने, पेपर क्राफ्ट जैसी गतिविधियाँ सप्ताह में एक दिन जरूर होनी चाहिए। इसके लिए विद्यार्थियों के कक्षा के स्तर और उम्र का ध्यान भी रखा जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों के मानसिक योग्यता और उनकी ऊर्जा को नयी दिशा दी जा सकती है। कागज की कलाश में बच्चों को उपयोगी एवँ सजावटी सामान तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। विशेष तरीके से कागज को मोड़कर भिन्न.भिन्न आकृतियाँ तैयार होतीं हैं। इसमें गोंद, कैंची या किसी यंत्र की आवश्यकता नहीं होती। कुछ नियमित अभ्यास से ही कलाकृतियाँ बनाई जा सकतीं हैं। खरगोश, हाथी, गिलहरीए कंगारू, कुत्ता और स्टेगोसॉरस जैसी कई जीवों का रूप तैयार कर सकते हैं। उपयोगी सामग्रियों में कागज की टोकरी, थाली.कटोरी, सौंपदानी, मिठाई डिब्बा आदि बनते हैं। इनके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री घर में आसानी से मिल जाती है। शिक्षक शैलेन्द्र नायक द्वारा विगतए 20 जून 2020 से प्रति सप्ताह शनिवार को ऑनलाईन क्लास में फ न एण्ड क्रिएटीविटी क्लासेस जारी है। जिसमें कागज की कला तथा इंग्लिश कर्सिव राईटिंग को जोड़ा गया है। लेखन कौशल विद्यार्थी की सफ्ल अभिव्यक्ति में विशेष सहयोगी और आवश्यक अंग है। इन गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन में भाषा, गणित, विज्ञान आदि को भी सरल और रूचि पूर्ण बनाया जा सकता है। इस ऑनलाईन कक्षा में किसी भी कक्षा के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षक और विद्यार्थी भी इस कक्षा में जुड़ रहे हैं। इन नवाचारी गतिविधियों के लिए आईपीकश्यप, विख शिअधि. एवं भोजराज पटेल, बीआरसी सरायपाली,एमएलनायक, संस्था प्राचार्य, ऑनलाईन शिक्षा के नोडल प्रभारी अनिल प्रधान,सहायक यशवंत चौधरी, तकनीकी सहा निर्मल प्रधान का सहयोग एवँ मार्गदर्शन उल्लेखनीय है। केना विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सतत् प्रोत्साहन एवँ विद्यार्थियों की सहभागिता भी इसकी सफ लता में विशेष सहयोगी है।

# शौचालय के बाजू में 4 दिनों से खड़ी है लावारिस मोटरसाइकिल

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com






नगर से लगभग 16 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 53 पर स्थित छूईपाली हेतु ढाबा के पास शौचालय विगत 4 दिनों से लाल कलर की मोटरसाइकिल हीरो होंडा खड़ी हुई है इस वाहन मालिक का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है यह स्थान सिंघोडा थाना अंतर्गत होने से पुलिस पेट्रोलिंग भी लगातार जारी रहता है और सबसे मजे की बात यह है कि जिस स्थान पर यह लावारिस मोटरसाइकिल पड़ी है उससे महज ही 100 मीटर की दूरी पर हाईवे पेट्रोलिंग का स्थान भी है समीप के गांव से हर रोज आना जाना करने वाले राहगीरों ने बताया साथ ही हेतु ढाबा के वॉचमैन सर जून मोगरी ने भी इस लावारिस मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी दी है।

## गोधन न्याय योजना का शुभारंभ



**डोंगरीडीह।** हरेली पर ग्रामीण अंचलों में गोबर खरीदकर गोधन न्याय योजना का आगाज डोंगरीडीह -छत्तीसगढ़ के लोक पारंपरिक त्योहार हरेली के पावन पर्व में छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का शुभारंभ ग्राम पंचायत अहिल्दा में गोबर खरीदने के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गौठान समिति के अध्यक्ष अंकित कुमार साहू एवम सदस्यगण नरेश कुमार साहू , कमलेश साहू, गंगाप्रसाद वर्मा, छबि बाई वर्मा, लखनी बाई निषाद, गजलाल यादव, बद्रिका बाई साहू एवम ग्रामीण नरेश साहू,धनेश्वर साहू , चांदे साहू , रवि , राजू आदि ग्रामीण उपस्थित थे। गौठान समिति के अध्यक्ष अंकित साहू ने वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना में सम्मिलित गोधन न्याय योजना की शुरुआत हरियाली के उपलक्ष्य में गॉव के ग्रामीणों से गोबर खरीदकर किये जाने की बात बताया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया से बचाव के लिए बीएमओ ने लगाया चौपाल!

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य टीम द्वारा मलेरिया बुखार से प्रभावित जंगली क्षेत्र दूरांचल में स्थित ग्राम बम्हनी द्वार का दौरा किया गयाद्य इस टीम में बीएमओ डॉ अमृतलाल खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरेए मलेरिया निरीक्षक एस आर बड़ेक, एन नागेश सम्मिलित रहे, जिनके द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के के उपाय जैसे मेडिकेटेड मच्छरदानी का उपयोगए घर में नीम पत्ते का धुआं करने एपानी को एक जगह एकत्रित नहीं होने देने एघर के आस.पास साफसफाई रखने का सलाह दिया गया मितानिन पुष्पांजलि के दवा पेटी का निरीक्षण किया गया द्यमहामारी की सभी दवाइयां पाया गया ज्ञातव्य हो कि इस गांव मे एक माह के अंदर में मलेरिया के तीन पॉजिटिव केस मिला है ।

## नवरात्रि और मकर संक्राति पर लगता है मेला

# शिशुपाल पर्वत में घोड़ाधार प्रपात का मनोरम दृश्य देखने पहुंच रहे पर्यटक

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



कोरोना काल में लाक डाउन से उब चुके पर्यटक अब सरायपाली अंचल के प्रमुख पर्वत शिशुपाल पर्वत में स्थित घोड़ाधार जल प्रपात का मनोरम दृश्य देखने के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। बताते हैं कि वर्ष 2015 में कोलकाता से भू वैज्ञानिक विभाग की टीम आई थी। जिन्होंने पर्वत का क्षेत्रफ्ल 10 किमी बताया था। सबसे ऊंची चोटी को क्षेमाखुटी कहते हैं। पर्वत के बीचोंबीच एक मंदिर है। पर्वत के पूर्व में घोड़ाधार नाम का ऐतिहासिक झरना भी है। वहीं पुजारीपाली और अमलीपदर की तरफ दुर्गा मंदिर है। जहां नवरात्र और मकर संक्रांति में मेला लगता है। पश्चिम में बस्तीपाली है। यहां पर पूर्व राजाओं का निवास था। इसके खंडहर और मंदिर आज भी अवशेष के रूप में है। उत्तर में बागद्वारी गांव है और दक्षिण में कालीदरहा बांध स्थित है। जहां पर पिकनिक के लिए दूर.दूर से पर्यटक पहुंचते हैं। शिशुपाल पर्वत के ऊपर में एक बड़ा मैदान है। इसी में एक तरफ बड़े.बड़े पत्थरों से गढ़ बना हुआ है, जिसके अवशेष आज भी है। यहां जो गुफा है, बारिश के पानी में मिट्टी बह कर भर गया है। यहीं पर जामचुवां नामक कुआं है, जिसमें भी बारों महीने पानी भरा रहता है। जामचुंवा प्राकृतिक ढंग से बना हुआ है। पहाड़ के तीन तरफ छोटे.छोटे झरने हैं। पुजारीपाली की तरफ पाटझरना जिसका पानी वन विभाग की नर्सरी में उपयोग में लाया जाता है। बस्तीपाली तरफके झरना का पानी बहकर सिंचाई के लिए काम आता है। तीसरा अंतरझोला गांव के पास झरना है। इसका नाम झरिया है, यहां भी पिकनिक के लिए लोग पहुंचते हैं। यहां भी पौधरोपण का कार्य होता है। पर्वत के उपर जो मंदिर है, वह जीर्ण.शीर्ण हो गया था। जिसे 26 दिसंबर 1990 को पुजारीपाली के शंकर बरिहाए स्व अनादि गांडा एवं उनकी पत्नि प्रभा और संतोषिनी ने मंदिर का जीर्णोद्धार करने का संकल्प लिया। बानीपाली के लीलाधर गौंटिया द्वारा मंदिर की मरम्मत 1997.98 तक पूर्ण हुई। उसके बाद प्रति वर्ष मकर संक्रांति में यहां मेला लगता है। जहां पहाड़ के ऊपर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। 1986 में कालीदरहा बांध के फटने पर आयुक्त का दौरा हुआ था। तब उन्होंने इसे पर्यटन स्थल पर विकसित करने की बात कही थी। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने ग्रामीणों ने अनेक बार ज्ञापन सौंपा था। बाद में जनप्रतिनिधियों ने इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग की थी। लेकिन अब तब इस दिशा में कोई भी पहल होती नहीं दिखी।

# संसदीय सचिव शकुंतला साहू के डोंगरीडीह आगमन पर स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा की जनहितैषी विधायक शकुंतला साहू संसदीय सचिव बनने के बाद प्रथम डोंगरीडीह आगमन शाम करीब 05 बजे पहुँचने पर ग्राम पंचायत डोंगरीडीह की सरपंच महेश्वरी पंकज घृतलहरे एवं डोंगरा सरपंच एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष हाई स्कूल डोंगरा धनकुमार औधेलिया के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किये। इस मौके पर सरपंचमहेश्वरी पंकज घृतलहरे, डोंगरा सरपंच धनकुमार औधेलिया सहित युवा नेता लक्ष्मी नारायण पाटले, संगीत कठोत्रे ने संसदीय सचिव का मिठाई खिलाकर मुँह मीठा भी कराए। स्वागत उपरांत संसदीय सचिव ने डोंगरीडीह एवं डोंगरा सहित क्षेत्र की जनता का आभार जताया ।स्वागत समारोह के दौरान डोंगरीडीह से भगदन कैवर्त,तोता राम कुर्रे, सजन घृतलहरे एवं ग्रामीण व डोंगरा से सरपंच के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहा।

# आईएएस कावरे अवैध खनिज पर हुए सख्त कहा, अब 5 लाख लिया जा सकता है जुर्माना

- गौण खनिज अधिनियम 2015 में संशोधन कर बढ़ाई गई जुर्माना वसूली राशि
- 30 जून को छत्तीसगढ़ राजपत्र प्रकाशित किया जा चुका है संशोधन आदेश

तनवीर कुरैशी ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर एक्सक्लूसिव

गौण खनिज के उत्खनन और परिवहन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में बनाए गए अधिनियम 2015 में संशोधन कर जुर्माना और कार्रवाई को अधिक सख्त कर दिया गया है। कांग्रेस की सरकार ने नई गौण खनिज नीति बनाते हुए कई धाराओं में आंशिक संशोधन कर जिले के खनिज और राजस्व अधिकारियों को अधिक जुर्माना वसूलने का प्रावधान दिया है। 30 जून को छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित संशोधन अधिनियम में बताया गया है कि वर्ष 2015 के अधिनियम की धारा 71 में संशोधन कर जुर्माना की रकम को बढ़ा दी गई है। नई माइनिंग नीति और प्रदेश सरकार के आदेशों को ध्यान में रखते हुए जिले के नवपदस्थ कलेक्टर आईएएस महादेव कावरे सख्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा सरकार के राजस्व का एक अहम स्त्रोत है, इसलिए इसकी चोरी और अवैध उत्खनन व परिवहन किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, मुख्य खनिजों की तरह ही गौण खनिजों के संरक्षण



थाने में खड़ी शिवालया की मुरूम से लदी हाईवा।

की जिम्मेदारी खनिज विभाग की है। अधिकारियों को बारिकी से अवैध उत्खनन और परिवहन पर नजर रखने व कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लॉक डाउन शुरू होने के बाद से वित्तीय वर्ष 2020-21 में अप्रेल से लेकर 22 जुलाई तक खनिज शाखा के द्वारा कुल 31 प्रकरण दर्ज कर लगभग 3 लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला गया है। उन्होंने संशोधन अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा, अब प्रति हेक्टेयर 5 लाख रुपए तक जुर्माना वसूलने का प्रावधान राज्य सरकार के द्वारा कर दिया गया है जिसकी अधिसूचना 30 जून के प्रदेश के छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित भी किया जा चुका है।

**धारा 71 में हुआ संशोधन** - जिला खनिज अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि 30 जून को प्रकाशित छत्तीसगढ़ राजपत्र के बाद से गौण खजिन अधिनियम 2015 में कई धाराओं में आंशिक संशोधन किया गया है, जिसमें धारा 71 भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस संशोधन के साथ ही अब गौण खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पाए जाने पर 5 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर तक जुर्माना वसूलने का प्रावधान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धारा 71 में यह निहित किया गया है कि गौण खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर धारा 21 से 23(ख) के अनुसार कार्रवाई की जा सकेगी जिसमें 5 लाख तक जुर्माना लिया जा सकता है और सजा भी हो सकती है।

**31 प्रकरण, 3 लाख की वसूली**- जिला खनिज अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि अप्रेल से 22 जुलाई तक जिले में कुल 31 प्रकरण अवैध उत्खनन और परिवहन के दर्ज किए गए जिसमें लगभग 3 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया 31 प्रकरणों में 28 मामले अवैध परिवहन, 2 उत्खनन और 1 भंडारण के शामिल हैं।



गौण खजिन अधिनियम 2015 में संशोधन किया गया है जिसमें प्रति हेक्टेयर 5 लाख रुपए तक जुर्माना करने का प्रावधान शामिल किया गया है। अवैध उत्खनन और परिवहन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**-महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

राज्य सरकार के संशोधन अधिनियम व कलेक्टर के आदेश के अनुसार अवैध उत्खनन और परिवहन में नियमित कार्रवाई की जा रही है।

**-योगेश साहू,** जिला खनिज अधिकारी जशपुर

## क्विक न्यूज

### मास्क का उपयोग और फिजिकल डिस्टेंसिंग का करें पालन

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिलेवासियों से अपील की है कि नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) को संक्रमण बीमारी घोषित किया है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कोरोना वायरस से पीड़ित या संदेही से दूर रहने की हिदायत है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से कहा कि आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलते समय मुँह एवं नाक को मास्क या गमछा से ढंके। खांसते या छींकते समय रूमाल का उपयोग करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें। समूह में न रहें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि सतर्कता और सावधानी तथा व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी से ही इस बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है।

### आप का आमरण अनशन, प्रेरक संघ का मिला समर्थन



**कोंडागांव।** आम आदमी पार्टी राज्य स्तरीय आमरण अनशन प्रदेश के सभी विभागों में रिक्त पदों की भर्ती, प्रेरक को रोजगार को लेकर जारी है। प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी द्वारा 3 जुलाई से आमरण अनशन पर बैठे है। उनके समर्थन में जिला कोंडागांव में बुधवार को चंद्रभान श्रीवास्तव के नेतृत्व में बजरंग दल कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। जिले में आम आदमी पार्टी के इस आंदोलन की छत्तीसगढ़ संघर्षशील प्रेरक पंचायत कल्याण संघ के प्रदेश सचिव जिला अध्यक्ष कोंडागांव लखन लाल देवांगन व ब्लॉक अध्यक्ष कोंडागांव भजन बघेल के द्वारा धरना स्थल पर पहुँच कर जिला अध्यक्ष को समर्थन पत्र दिया गया। इस दौरान प्रेरक संघ ने कहा कि कॉग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रेरकों को नियमित रोजगार प्रदान करने का मुद्दा शामिल किया था। सत्ता में आने के बाद टीएस सिंहदेव ग्रामीण पंचायत विकास मंत्री द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था कि प्रेरकों को यथाशीघ्र स्थाई रोजगार प्रदान किया जायेगा। किंतु आज पर्यन्त तक रोजगार प्रदान नहीं किया गया। प्रदर्शन के दौरान चंद्रभान व आशुतोष पांडेय एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नलजल योजना फ्लॉप, मुलमुलावासियों को नहीं मिल रहा पानी



**कोंडागांव ।** कोंडागांव जिले के ग्राम मुलमुला के ग्रामीणों को 1 माह से नलजल योजना के तहत पानी नही मिल रहा है। पीएचई विभाग के अधिकारियों को कई दफे सूचित किया गया कि मुलमुला में नलजल योजना के तहत लोगों को एक माह से पानी नही मिल रहा है, फिर भी अधिकारियों ने सुध लेना उचित नहीं समझा। नलजल योजना के तहत गांव में आसानी से पानी उपलब्ध कराने हेतु शासन ने योजनाएं लागू की। परन्तु विगत दो वर्ष हो चुके पानी टँकी निर्माण का, लेकिन ठेकेदार और विभाग के मिलीभगत से टंकी में पानी चढ़ाने के लिए एक भी नया बोर का खनन नही कराया गया, टंकी निर्माण के साथ साथ नया बोर खनन करना भी आवश्यक हो जाता है, लेकिन विभाग के लोग उल्टे ही पहले से गांव में स्थापित 3 हैंड पम्प में बोर मशीन डाल कर टँकी में पानी सप्लाई किया जा रहा है। जो गड़बड़झाला को इशारा कर रहा है।

## खम्हारपाली परिवहन जांच चौकी पुन : प्रारंभ

- सड़कों पर दौड़ रही ओवरलोड गाड़ियों पर कसेगा सिंकजा
- शासन के राजस्व में होगी वृद्धि

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर परिवहन विभाग की 16 जांच चौकियों को शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती महासमुंद जिले के सरायपाली के खम्हारपाली में स्थित परिवहन जांच चौकि पुनः प्रारंभ हो गई है। जो विगत 4 जुलाई 2017 को बंद करने का आदेश जारी किया था। वहीं सभी उडनदस्ते भी भंग कर दिए गए थे। लेकिन लगातार दूसरे राज्यों के मालवाहक वाहनों द्वारा ओवरलोडिंग करने की शिकायतों के बाद इसे शुरू करने की कवायद चली जिसके चलतें राज्य सरकार के निर्देश पर परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव विजय कुमार धुर्वे ने आदेश जारी किया ।

**इन अधिकारीयों की हुई पोस्टिंग** - परिवहन आयुक्त डां कमलप्रीत सिंह ने चेकपोस्ट में पदस्थ किए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति राज्य के सीमाओ पर परिवहन जांच चौकियो एवं आदेश के परिपालन में 17जुलाई को खम्हारपाली परिवहन चेकपोस्ट में राजेन्द्र बर्मन परिवहन निरक्षक, जीवराखन लाल दिवान उपनिरक्षक , धनसाय राम भगत, उपनिरक्षक, सुजित कुमार सिन्हा उपनिरक्षक, मलेन्द्र कुमार ध्रव प्रधान आरक्षक, मोहम्मद साजिद खान, उत्तम चन्द्राकर , मुरली मनोहर घिरही, गोपेस्वर पाटनवार, विनोद कुमार साहू, कृष्णों बर्मन, बजय कुमार पाल, सफेद कुमार मेहेर, केशव दास बंदे के साथ ही अन्य कर्मचारीयो की तैनाती की गई है। परिवहन विभाग के अफसरों की माने तो बैरियर खुलने से जहां शासकीय राजस्व में वृद्धि होगी वही छत्तीसगढ़ की सीमा से होने वाली गांजा, हथियार समेत अन्य प्रतिबंधित सामानों की तस्करी रुकेगी। बिना रोक.टोक के सड़कों पर दौड़ रही ओवरलोड गाडियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

**हो रहा था राजस्व का नुकसान** - परिवहन विभाग की जांच चौकियों को बंद करने से प्रतिवर्ष राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा था। वहीं जांच चौकियां बंद होने से दूसरे राज्यों की मालवाहक वाहन ओवरलोडिंग कर रही थी। इसके चलते राज्य के ट्रांसपोर्टर भी परेशान हो गए थे। लगातार शिकायत करने के बाद परिवहन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से अभिमत मांगा था। साथ ही इसका प्रस्ताव भी तैयार करने कहा गया था। ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों से प्रतिवर्ष मिलने वाले करोड़ो रुपए के समन शुल्क की वसूली होगी।





### क्या कहतें है परिवहन जांच चौकी प्रभारी



परिवहन जांच चौकी प्रभारी राजेन्द्र बर्मन ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मॉस्क सेंनेटाईजर व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है। बेरियर नाका 24 जुलाई से प्रारंभ कर दी जावेगी। जिससे अन्य राज्यों से आने वाले मालवाहन के साथ महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, उप्र तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, मप्र से छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करने वाली सभी वाहनों की निगरानी करने में मदद मिलेगी।

## नपा गरियाबंद एवं नपं छुरा का सम्पूर्ण क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित

- 26 जुलाई से 01 अगस्त तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी गतिविधियों पर रोक
- सीमा क्षेत्र अंतर्गत सभी सीमाएं होंगी सील
- जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) एक संकामक बीमारी है, इस बीमारी से विश्व सहित देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी अद्यतन स्थिति में 5 हजार 968 धनात्मक मरीजों की पहचान की जा चुकी है एवं प्रतिदिन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की तादात बढ़ती चली जा रही है। गरियाबंद जिले में भी प्रतिदिन लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीज चिन्हित किये जा रहे हैं। आज तक कुल 76 कोरोना पॉजिटिव मरीज की पहचान जिले में की गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार कोरोना पॉजिटीव केस पाये जाने वाले क्षेत्रों में कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। इसके बावजूद इन क्षेत्रों में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अतः यह आवश्यक है कि इस संकामक बीमारी के प्रसार को रोकने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाये। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संपर्क में पीड़ित, संदेही को दूर रहने की सख्त हिदायत है। छत्तीसग? शासन के द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि इससे बचने के सभी संभावित उपाय अमल में लाया जाये। (कोविड-19) के प्रसार को देखते हुए इसके प्रसार को रोकने के लिए क? सामाजिक अलगाव के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। अतः उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा कोराना वायरस के संकमण को रोकने हेतु नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा, के सम्पूर्ण क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा आदेश जारी कर महामारी रोग अधिनियम, 1897 के संदर्भ में शासन द्वारा दिये गए शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला गरियाबंद के क्षेत्र के अंतर्गत संकमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु 26 जुलाई से 01 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक निम्नांकित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है एवं यह भी आदेशित किया गया है कि नगर पालिका परिषद गरियाबंद एवं नगर पंचायत छुरा क्षेत्र के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है, सभी पदाधिकारी तथा कर्मी अपने घर से शासकीय कार्यों का निष्पादन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय प्रमुख उन्हें कार्यालय में बुला सकेंगे।

## कोविड-19 अस्पताल से डिस्चार्ज मरीजों को होम क्वारेंटाइन का पालन कराएं : महोबे

- आइसोलेशन सेंटर में आवश्यक व्यवस्थाऍ सुनिश्चित कराऍ- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि कोविड-19 अस्पताल से डिस्चार्ज हुए मरीजों को होम क्वारंटिन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराऍं। अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए मरीजों को 14 दिन के होम क्वारेंटाइन में रहना अनिवार्य होता है। श्री महोबे गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए मरीजों के घर में 14 दिन की अवधि का उल्लेख कर स्टीकर चिपकाऍं और नियमित रूप से मॉनीटरिंग भी की जाए। उन्होंने चिन्हांकित किए गए आइसोलेशन सेंटर्स की जानकारी ली और वहॉं सभी आवश्यक व्यवस्थाऍं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु लोगों में जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा मास्क का उपयोग करने के फायदे से अवगत कराऍं और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उन्हें जागरूक करें। कलेक्टर ने कोरोना संदिग्ध व्यक्तियों का अब तक लिए गए सैम्पल की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 6 हजार 110 सैम्पल लिए गए हैं, जिसमें से 5 हजार 355 निगेटिव और 82 पॉजिटीव तथा 677 रिपोर्ट लंबित हैं। नियमित रूप से सैम्पल लिया जा रहा है। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्तियों तथा होम क्वारंटिन का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों की जानकारी जिला कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07749-223950 पर दिया जा सकता

## गौठानों में गायों को हरा चारा खिलाने सवा 3 सौ एकड़ में चारागाह बनाया

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार जिले नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के अंतर्गत 49 चारागाह विकसित किये गये हैं। इन चारागाहों में गायों को खिलाने के लिए लगभग सवा 3 सौ एकड़ क्षेत्र में चारे की बोआई की गई है। इनमें नेपियर, मक्का और ज्वार जैसे पौष्टिक चारे वाले प्रमुख रूप से हैं। चारे की बोआई लगभग 15 दिवस हो चुकी है। अधिकांश चारागाहों में फसलें लहलहा रही है। बलौदाबाजार जिले में राज्य सरकार की योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी अंतर्गत जिले में प्रथम चरण में 92 गौठान एवं द्वितीय चरण में 227 गौठान स्वीकृत किये गये गौठानों के साथ-साथ 167 चारागाह स्वीकृत किये गये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार डॉ. फरीहा ऑलम सिद्धिकी के निर्देशन एवं डॉ. सीके पाण्डेय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बलौदाबाजार भाटापारा के मागदर्शन में कुल 49 चारागाहों में पशु चारों की रोपाई एवं बोवाई की गयी है। कुल 49 चारागाहों के 42.75 एकड़ क्षेत्र में नेपियर और 44.7 एकड़ क्षेत्र में मक्का एवं 42.05 एकड़ क्षेत्र में ज़्वार का रोपण एवं बोवाई की गई है। आने वाले 30 से 45 दिनों में सभी चारागाहों से पशुओं के लिए हरा चारा का उत्पादन प्रारंभ हो जायेगा। जिसका उपयोग गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से गौठान में रखे गये पशुओं के लिए किया जावेंगा। जिससे पशुओं को पौष्टिक हरा चारा प्राप्त होगा एवं पशुओं के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ प्रजनन क्षमता में वृद्धि होगी एवं उत्पादक वत्सों का जन्म होगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 71/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र. 19

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र. 19 वार्ड स्थित भवन / भूमि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अमिता अग्रवाल पति जितेन्द्र अग्रवाल** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री व्यास नारायण वर्मा पिता गेंदलाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 72/2020-2021
वार्ड का नाम-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र. 19

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्र. 19 वार्ड स्थित भवन / भूमि विकास नगर जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अर्जुनलाल साहू S/o सुखराम साहू** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती कोमल साहू पति अर्जुन लाल साहू** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780,
फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 73/2020-2021
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 1 वार्ड स्थित भवन / भूमि J/1546 जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सतनाम सिंग S/o अपरतार सिंग सैनी** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती गणेश बेहरा आत्मज सन्यासी बेहरा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**Bandhan Bank**

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06.
फोन : +91-79-26421671-75,

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतीकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेशी एक्ट) की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी प्रेषित किये गये थे, जो वापिस लोट आए है। अतः आप सभी ऋणीयों को व आम जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री दिनेश कुमार वर्मा<br>श्रीमती रुखमणी वर्मा<br>लोन खाता नं.<br>851/3340 | सभी चल और अचल संपत्ति जो खसरा नं. 476/1 के भाग, पी.सी. नं. 12, आरआईसी तिल्दा, गांव बहेसर, पोस्ट थाना नेवरा, तिल्दा, राधा स्वामी सत्संग सरकारी स्कूल के पास, तिल्दा नेवरा, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 493114 स्थित है, जिसका माप करीब 2000 वर्ग फीट है और जो आवरित है<br>उत्तरः धरसा।<br>पूर्वः मार्ग<br>पश्चिमः बेचने बाकी की बचत जमीन<br>दक्षिणः घंसिया की जमीन | 01.07.2020<br>27.06.2018 | रु. 20,05,182.58 | 17.07.2020 |

इस सूचना के माध्यम आप से यह मांग की जाती है की सूचना प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च और शुल्कसहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFAESI एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी।

सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : रायपुर
तारीख : 24.07.2020

अधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# अयोध्या में राम मंदिर, भूमि पूजन की तैयारी

**सर्वोच्च** न्यायालय ने सभ्यतामूलक विश्वास, सामूहिक भावनाओं व विश्वास को महत्व देते हुए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ कर दिया। अब विशाल भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारी हो रही है। महामारी, प्राकृतिक आपदाओं तथा आर्थिक गतिरोध के कारण देश इस समय बुरे दौर से गुजर रहा है। इस आयोजन में सोशल डिस्टेंसिंग का प्रयोग करते हुए 50 वीआईपी समेत 250 अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा, हालांकि सरकार ने स्वयं सलाह दी है कि वर्तमान कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय में 60 से अधिक लोग किसी कार्यक्रम में न शामिल हों। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा मार्गदर्शक लालकृष्ण आडवाणी व मुरली मनोहर जोशी भी शामिल होंगे। हिंदू पौराणिक विश्वासों के आधार पर पांच ग्रहों का प्रतिनिधित्व करने वाली पांच रजत शिलाएं नीव में रखी जाएंगी, वाराणसी के 11 पुजारियों के साथ अयोध्या के पुजारी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। नीव में नाग व नागिन तथा कछुए की चांदी की मूर्तियां भी रखी जाएंगी। पूरी अयोध्या में बड़े-बड़े सीसीटीवी पर्दे लगाए जाएंगे ताकि भक्त भूमि पूजन समारोह देख सकें। यह आयोजन हिंदू गौरव का प्रकटीकरण होगा। भाजपा इस विशाल आयोजन से हिंदू मतदाताओं को प्रसन्न कर अपनी विचारधारा का प्रसार करना चाहती है। आज दुनिया भर में कोविड-19 समाप्त करने के लिए प्रार्थनायें की जा रही हैं, ऐसे में देखना होगा कि 3 या 5 अगस्त को शुभ अवसर पर आयोजित इस समारोह से देश को वायरस से मुक्ति पाने में कहां तक सहायता मिलती है।

इस आयोजन से जुड़ी राजनीति को अनदेखा करना कठिन है। यह आयोजन संयोग से जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा राज्य का दर्जा बदलने की पहली वर्षगांठ पर हो रहा है। सरकार का दावा है कि जम्मू कश्मीर के बारे में उठाए गए कदम उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं तथा राज्य की संरचना में परिवर्तन से वहां विकास हो रहा है। अयोध्या में भूमि पूजन आयोजन इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारम्भ में ही रिकार्ड समय में चुनाव घोषणापत्र के वादे पूरे किए हैं। यह आयोजन इस बात का भी संकेत है कि पहचान की राजनीति आगे बढ़ेगी जिसे वैश्विक महामारी ने थोड़े समय के लिए पटरी से उतार दिया था। इसका एक प्रमाण सरकार द्वारा महामारी के इस समय में विरोधियों व एक्टिविस्टों के खिलाफ कठोर कार्रवाई से मिलता है। वारवरा राव को 2018 में एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार किया गया था और अब एनआईए इस मामले की जांच कर रही है। अस्सी वर्षीय वारवरा राव कोविड संक्रमित हो गए हैं और हाल ही में उनको अस्पताल भेजा गया है। उनकी स्थिति के बारे में चुप्पी है और परिवार के लोग उनके स्वास्थ्य की जानकारी नहीं पा रहे हैं। अयोध्या में भूमि पूजन आयोजन की आलोचना करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि इस समय सरकार को भूमि पूजन के बजाय महामारी से निपटने तथा अर्थव्यवस्था सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने स्वास्थ्य प्रबंधन की जिम्मेदारी राज्यों पर छोड़ दी है और वह बीमारी बढ़ने के लिए उनको जिम्मेदार ठहरा सकती है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी पवार की बात का समर्थन किया है। दोनों नेता महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिवसेना ने मंदिर निर्माण का समर्थन करते हुए 'इसका रास्ता खोला है जिसका कारण राजनीति के बजाय विश्वास है'। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस आयोजन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा है कि वायरस का मुकाबला 'सफेद वर्दी पहनने वाले हमारे डाक्टर करेंगे जिनको हम देवदूत कहते हैं।'

# कर सुधारों की आवश्यकता

**सीडीबीटी ने नियमित कर भुगतान प्रोत्साहित करने के अनेक खोजी विचार स्वीकार किए हैं। लेकिन भारत को व्यावहारिक तथा सरल कर व्यवस्था की ओर बढ़ने की आवश्यकता है ताकि लोग पूरी आय घोषित करने के लिए प्रोत्साहित हों।**



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखक आरटीआई सलाहकार हैं)




केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड-सीडीबीटी ने टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए नए किस्म के फार्म व फार्म 25एएस जारी किए हैं। इनको अब निवेश की सूचनाओं के साथ प्री-लोड किया जा सकता है। उसे उम्मीद है कि इससे कर संग्रह बेहतर होगा। इस कदम के साथ सीडीबीटी ने नागरिकों को एक और अवसर दिया है कि वे 31 जुलाई तक 2018-19 आंकलन वर्ष के सही व सच्चे आयकर रिटर्न फाइल कर सकें। सीडीबीटी करदाताओं के कंप्यूटरीकृत रिकार्डों की जांच कर उनको शार्ट मैसेजिंग सर्विस-एसएमएस व ईमेल से संदेश भेज रही थी कि वे देश के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करें।

बड़ा सवाल यह है कि इस कदम की जरूरत क्यों पड़ी? लोगों को नियमित रूप से अपने कर भुगतान प्रोत्साहित करने के लिए सीडीबीटी द्वारा लागू किए अनेक खोजी विचारों के बावजूद भारत ऐसी व्यावहारिक व सरल कर व्यवस्था की ओर नहीं बढ़ा है जहां लोग स्वेच्छा से कर रिटर्न फाइल करें तथा अपनी सच्ची आमदनी बताएं। हम अभी ऐसे स्तर पर नहीं पहुंचे हैं कि समाज के रूप में अपने टैक्स अदा करने पर गर्व कर सकें तथा वास्तविक आमदनी का खुलासा करें। भारतीयों में कर अदा करने के प्रति सामान्य अनिच्छा को देखते हुए एक नई कर व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए जिसमें छूटों का व्यापक दुरुपयोग न हो सके जैसा वर्तमान समय में हो रहा है।

हमें दो भ्रामक विकल्प देने की क्या आवश्यकता है कि हम कुछ छूटों का प्रयोग करें अथवा 5 लाख तक कर-मुक्त आय का आनन्द उठाएं? केवल 5 लाख तक कर-मुक्त आय का विकल्प ही बनाए रखना चाहिए।

सेस व सरचार्ज आदि समाप्त कर कर व्यवस्था को और सरल बनाया जाना चाहिए। यह चिन्ता का विषय है कि सरकार के बार-बार आश्वासन के बावजूद बहु-प्रतीक्षित नया व सरलीकृत आयकर कानून देश में लागू नहीं किया जा रहा है जो 6 दशक पुराने आय कर कानून, 1961 का स्थान लेगा। इस कानून में अनेक भ्रामक संशोधन किए गए हैं। उच्चतम कर को 30 प्रतिशत पर सीमित करने के लिए राजा चेल्लैया कमेटी संस्तुतियों का क्रियान्वयन होना चाहिए जो दुनिया के अधिकांश देशों के अनुरूप होगा। उन्होंने काले धन को सफेद धन में बदलने का व्यवहार समाप्त किया है। यह कदम पहले ही उठाया जाना चाहिए था। इससे लोग ईमानदारी से अपनी आय की घोषणा करेंगे।

एक स्थाई स्वैच्छिक घोषणा योजना-वीडीएस लागू की जानी चाहिए ताकि लोग उच्चतम 30 प्रतिशत कर दर के आधार पर अपनी आय की घोषणा कर सकें। करदाताओं के इस आमदनी का स्रोत बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। इससे सभी नकदी लेनदेन, खासकर संपत्ति लेनदेन प्रभावित होंगे। यदि पंजीकरण फीस को घटा कर केवल दो प्रतिशत किया जाए तो बहुत अच्छा होगा। 30 प्रतिशत के अधिकतम प्रस्तावित कर के अंतर्गत अपनी आय की घोषणा करने वाले सभी लोगों के नाम कर विभाग की वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि अपने सम्मान का महत्व देने वाले लोग स्वैच्छिक रूप से आय का खुलासा करें।

पांच लाख रुपये पर कर छूट की मूल घोषणा के साथ सभी अन्य कर छूट समाप्त की जानी चाहिए जिनतें दान, राजनीतिक पार्टियों को योगदान तथा कृषि आमदनी शामिल हैं। तथ्य यह है कि आम किसान की आमदनी 5 लाख से अधिक नहीं होती है और इस प्राविधान का दुरुपयोग अत्यधिक अमीर लोग करते हैं। इनमें सेलेब्रिटीज़ भी शामिल हैं जो अपनी अघोषित आय को कृषि आय बताने के लिए कुछ खेती की जमीन खरीद लेते हैं। इसका उद्देश्य केवल करापवंचन होता है।

5 से 10 लाख व 10 लाख से 15 लाख के लिए क्रमशः 10 व 20 प्रतिशत के टैक्स स्तर होने चाहिए और इसके बाद बाकी आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगना चाहिए। एल.के.झा समिति ने कैलेंडर वर्ष को वित्त वर्ष भी बनाने का सुझाव दिया था। इसे भी दुनिया के अधिकांश देशों की तरह लागू किया जाना चाहिए। अप्रैल-मार्च का वित्त वर्ष एक औपनिवेशिक विरासत है जिसे भारत में अंग्रेजों ने अपने हित व सुविधा में लागू किया था। भीमएप आदि माध्यमों से छोटे नकदी लेनदेन पर ध्यान देने के बजाय 10,000 रुपये से ऊपर की सारी बिक्री व खरीद को अनिवार्य रूप से बैंक के माध्यम से ही किया जाना चाहिए। एप माध्यमों से निरक्षर लोगों के साथ धोखाधड़ी की संभावना है। व्यवस्था में सुधार के लिए क्रेडिट कार्डों पर लेनदेन के लिए केवल आधा प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। इस कटौती का भार भी केन्द्र सरकार को उठाना चाहिए तथा क्रेडिट कार्ड से खरीद पर मिलने वाले सारे प्रोत्साहन समाप्त करने चाहिए।

इस व्यवस्था से सरकार को ज्यादा कर राजस्व प्राप्त होगा। क्रेडिट कार्डों पर वर्तमान दो प्रतिशत लेनदेन चार्ज के कारण व्यापारी इसे ग्राहकों से अलग से वसूल करते हैं। ऐसा खासकर मुनाफा कम होने की स्थिति में होता है। क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को आधा प्रतिशत लेनदेन चार्ज से भी काफी आमदनी होगी क्योंकि उनका प्रयोग बढ़ जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए दो सेट क्रेडिट कार्ड स्वाइप मशीनें रखना अनिवार्य होना चाहिए ताकि वह कर अदायगी से बचने के लिए नकदी लेनदेन न करे।

खासकर विनिर्माण क्षेत्र में इन्पुट टैक्स क्रेडिट व्यवस्था भ्रष्टाचार व करापवंचन का बड़ा माध्यम है। सामान्य ग्राहकों द्वारा छोड़ी गई जीएसटी इन्वायसों को फर्जी इन्पुट टैक्स क्रेडिट लेने के लिए व्यापारी बेच देते हैं। इस व्यवस्था में सुधार के लिए 10 व 30 प्रतिशत की केवल दो जीएसटी दरें होनी चाहिए। 12 व 18 प्रतिशत की दरें समाप्त करने की तुलना में तीन व पांच प्रतिशत की दरें समाप्त करने से ज्यादा लाभ होगा। दूसरी ओर इन्पुट टैक्स क्रेडिट की अत्यधिक भ्रष्ट व्यवस्था समाप्त करने से विनिर्माण व उत्पादन क्षेत्र से ज्यादा राजस्व सरकारी खजाने को मिलेगा। 12 व 18 प्रतिशत की उच्च जीएसटी दरें समाप्त करने से विनिर्माताओं व उत्पादकों को नुकसान नहीं होगा। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र पर 18 प्रतिशत जीएसटी बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए टीवी पैनल चर्चाओं में शामिल होने वाले लोगों को अपना लगभग आधा मानदेय जीएसटी व आयकर के रूप में अदा करना पड़ता है। सरकार में अनावश्यक एकाउंटिंग से बचने के लिए सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से बाहर करना चाहिए।

विडंबना है कि नीति निर्माताओं ने क्लच प्लेट व क्लच बियरिंग पर 18 व 28 प्रतिशत की जीएसटी दरें लगाई हैं। इसी प्रकार मिठाई, बिस्कुट, कन्फेक्शनरी व अन्य चीजों पर अलग-अलग जीएसटी दरें हैं। मधुमेह का कारण बनने वाली मिठाइयों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगती है। भ्रम दूर करने के लिए स्वर्ण जेवर जैसी चीजों पर इन्वायस दो भाग में होनी चाहिए जिसमें एक हिस्सा धातु व दूसरा उसे बनाने से जुड़ा हो ताकि 10 प्रतिशत जीएसटी केवल बनाने पर लग सके। शानोशौकत वाली चीजों पर अतिरिक्त जीएसटी लगाई जा सकती है। सरकार को पेट्रोलियम उत्पाद जीएसटी के दायरे में लाने चाहिए ताकि सभी राज्यों में पेट्रोल व डीजल की समान दरें हो सकें।

# आंतरिक संघर्ष से उबर नहीं पा रही कांग्रेस

**कांग्रेस पार्टी को विकल्प चुनना होगा क्योंकि अतीत की खुमारी में जीने से कोई लाभ नहीं है। अभी भी समय है यदि वो कदम उठाना चाहे।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)

कांग्रेस अभूतपूर्व आंतरिक शक्ति संघर्ष का सामना कर रही है, सिके कारण पार्टी को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। वह लगभग अंतःविस्फोट की स्थिति में है। चंद महीने पहले मध्य प्रदेश जैसा राज्य उसके हाथ से चला गया और वह जल्द ही एक अन्य बड़े राज्य राजस्थान को भी खोने जा रही है। यदि अशोग कहलोत सरकार वर्तमान संकट से उबर भी जाती है, जैसी कि संभावना है, मगर सदन में कमजोर बहुमत को देखते हुए उस पर सरकार गिरने की तलवार लटक रही है।

राजस्थान में वर्तमान राजनीतिक संकट केवल लाक्षणिक है। यदि बड़ी तस्वीर पर नजर डालें, तो पार्टी वरिष्ठ नेताओं एवं युवा नेताओं के बीच सत्ता संघर्ष की वजह से स्वयं को नष्ट करती जा रही है। पार्टी में सेंध लगाने से रोकने का प्रयास करने के बजाए पार्टी हाईकमान ने पहले से ही कमजोर पार्टी को और टूटने का अवसर दिया है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में पराजय का सामना करने के बाद, खामियों को दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

यह आश्चर्य की बात नहीं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया और सचिन पायलट सरीखे युवा नेताओं ने पार्टी से मुंह मोड़ लिए हैं। यद्यपि कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने 2017 में अपने पुत्र राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बना दिया था, उन्होंने सुगमतापूर्ण संक्रमण सुनिश्चित करने की ओर ध्यान नहीं दिया। यही गलती है जो वर्तमान समय में पार्टी में चल रहे सत्ता संघर्ष की जड़ में है। राहुल ने कई अवसरों पर यह स्पष्ट किया है कि वो वरिष्ठ नेताओं के साथ सहज महसूस नहीं करते। अपने स्तर पर पुराने नेता राहुल के नए विचारों का प्रतिरोध कर रहे हैं और यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं।

यही कारण है कि, यद्यपि पार्टी दो वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश और राजस्थान जीतने में सफल रही थी, मगर उन्हें बनाए रखने में समर्थ नहीं हो पाई। कांग्रेस नेतृत्व पिछले दो वर्षों से पार्टी के भीतर पैदा होने वाले संकट को भांप नहीं पाई जब दो युवा और महत्वाकांक्षी नेताओं को शीर्ष पदों से वंचित कर दिया गया तथा अशोक गहलोत और कमलनाथ, जो कि वरिष्ठ नेता हैं, को क्रमशः राजस्थान और मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया। हाईकमान ने इस सत्ता संघर्ष का निवारण करने के लिए कुछ नहीं किया और घावों को नासूर बनने दिया।

जहां तक चुनावी सफलता का सवाल है, कांग्रेस सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 1989 से, पश्चिम बंगाल में 1977 से, तमिलनाडु में 1977 से, गुजरात में 1985 से और ओडिसा में 2000 से सत्ता में नहीं है। यहां तक कि उत्तर-पूर्व में भी कांग्रेस ने अपनी पकड़ खो दी है। इस गिरावट के बावजूद, कांग्रेस को 2019 में 11 करोड़ मत प्राप्त हुए थे। यही उम्मीद की किरण है। लेकिन, भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए, कांग्रेस को एकजुट पार्टी, अच्छे गठबंधन सहयोगियों, जमीनी स्तर पर मजबूती लाने एवं एक नए विमर्श की आवश्यकता है।

शीर्ष पर निर्वात की स्थिति है तथा पार्टी कार्यकर्ता सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष का दर्जा दिए जाने को लेकर भ्रमित हैं जब उन्होंने अगस्त में राहुल के त्यागपत्र के पश्चात पुनः अध्यक्ष पर संभाला था। बहुत से ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि पार्टी का अध्यक्ष गांधी परिवार से इतर होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस परिवार का दामन छोड़ना नहीं चाहती। सत्ता संघर्ष को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। वृद्ध नेता युवा नेताओं को पसंद नहीं करते हैं और युवा तुर्क धैर्यहीन हो गए हैं। यहां तक कि टीम राहुल भी बिखर रही है, क्योंकि उनके दो नजदीकी मित्र, ज्योतिरादित्य और पायलट, बागी हो चुके हैं। ऐसे में जल्द ही अथवा बाद में मिलिंद देवड़ा और जितिन प्रसाद की बारी आने से इनकार नहीं किया जा सकता।

भाजपा की रणनीति सदा से ही दूसरे दलों के बड़े कद वाले नेताओं में साथ लाकर प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने की रही है और वह आकर्षक पदों का लालच देकर उन्हें लुभाने की स्थिति में है। कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर से भी मजबूत करने की आवश्यकता है। कांग्रेस अभी भी कुछ गांवों में जीवित है और पार्टी में वापसी करने के लिए प्रर्याप्त प्रतिभा मौजूद है। मगर उसमें दिशा एवं रणनीति नजर नहीं आ रही। कांग्रेस में शामिल होने वाले आंग्लीकृत युवा पुरुष व महिलाएं हैं जो कि पद पाने के लिए अधीर हैं। सदस्यता आधार का क्षरण हो रहा हे और नए कार्यकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है। पार्टी ने पूर्व में बहुत से लोगों कसो प्रतिबद्ध बनाया मगर सदस्यों को सत्ता ही आकर्षित करती है। कांग्रेस अब इसी दुविधा का सामना कर रही है। पार्टी कोई पहली बार सत्ता संघर्ष का सामना नहीं कर रही है। इंदिरा गांधी ने शक्तिशाली गुट से सत्ता छीन ली थी जो साठ के दशक के उत्तरार्ध में उनके विरुद्ध हुआ करता था। प्रत्येक पार्टी अध्यक्ष अथवा प्रधानमंत्री अपने वफादारों को साथ लाना चाहता है और सह पीढ़ीगत बदलाव इसे कठिन बना रहा है। दुर्भाग्य से, कांग्रेस अब सत्ता में नहीं है। सोनिया ने 1998 में पार्टी की कमान संभाली थी जब पार्टी का क्षरण हो रहा था और वो पार्टी को एकजुट कर दो बार सत्ता में लाने में सफल रही थीं। आज, वही सोनिया बेबस नजर आती हैं।

फिलहाल तो पार्टी के लिए सबसे सरलतम तरीका है युवा नेताओं को धैर्य बनाए रखने की शिक्षा देना साथ ही वरिष्ठ नेताओं को बताना कि उन्हें नेपथ्य में जाने की आवश्यकता है। युवा तथा वरिष्ठ नेताओं, दोनों का सद्भावपूर्ण सम्मिश्रण ही इस मुद्दे का समाधान कर सकता है। कांग्रेस के पास केवल दो विकल्प हैं। पुनर्जीवित हो या समाप्त हो जाए। कांग्रेस पार्टी को विकल्प चुनना होगा क्योंकि अतीत की खुमारी में जीने से कोई लाभ नहीं है। अभी भी समय है यदि वो कदम उठाना चाहे।

## फरमाया



**देश** में भय व्याप्त होने के कारण लोग बोलने में असमर्थ हैं। सरकार ने हमारी उपेक्षा की है। पश्चिम बंगाल की जनता माकूल जवाब देगी।

**– ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**हम** चीनी अदृश्य चीनी वायरस को हराने के प्रयासों में एकजुट हैं। कई लोगों का कहना है कि जब आप सामाजिक दूरी न रख सकें तो मास्क पहनना देशभक्ति है।

**– डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मैं** दुखी अवश्यक हूं किंतु आश्चर्यचकित नहीं कि कितने निराधार और घृणास्पद आरोप मेरे खिलाफ लगाए जा रहे हैं।

**–सचिन पायलट**
पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कमजोर कांग्रेस

**मध्य** प्रदेश के बाद राजस्थान के घटनाक्रम को देखते हुए यह तो कहा जा सकता है कि भाजपा के मुकाबले कांग्रेस के जो भी कोई नेता हो या विधायक वे ज्यादा कमजोर घड़े साबित हो रहे हैं। आप हम सब ने देखा है कि 1984 के आम चुनाव में भाजपा जब दो सीट जीती थी, तब भी संघर्ष करती रही, हार नहीं मानने का जुनून है। अपवाद स्वरूप इक्का-दुक्का प्रकरणों को छोड़ दे तो इस दल से जीतने वाले जनप्रतिनिधि अपनी जगह मजबूत रहते हैं। कहने का मतलब साफ है कि एक बार जिस दल से चुन लिया गया उसके बाद कितने ही प्रलोभन आए झुकना या टूटना नहीं चाहिए। भाजपा में यह वैचारिक मजबूती कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा देखने को मिलती है। जब महाराजा जैसे टूट जाते हैं (जिनकी वैचारिक मजबूती के दिवालियापन पर शर्मिंदगी होती है) तो आप हमारे जैसे को झुकना / टूटना कोई मुश्किल बात नहीं है। लेकिन आप हमारे जैसे में भी ऐसे कई मजबूत, दृढ़ संकल्पित, निष्ठावान लोग हैं जो अकेले संघर्ष करेंगे, लेकिन झुकेंगे नही। भूखे रह लेंगे लेकिन रसमलाई को भी लात मार देंगे। ऐसी मजबूती वाले वैचारिक लोगों की कमी है, जो इस राजनीति का सबसे बड़ा दोष बनता जा रहा है।

**– हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

## रामभक्त बनवाएं मंदिर

**समाचार** पढ़कर प्रसन्नता हुई कि राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट ने तय किया है कि मन्दिर बनाने के लिए वे सरकार से कोई पैसा न लेकर हिन्दू समाज, जिसका अर्थ है राम भक्तों का समूह, से ही धन संग्रह कर कार्य संपन्न करेंगे। वैसे 30 साल पहले विहिप ने सवा 8 करोड़ रुपये इस काम के लिए इकठ्ठा किये थे। उनसे वहां पत्थर लाकर तराशे जाते रहे हैं। बदली स्थिति में कार्य पूर्ण करने के लिए निश्चय ही अधिक धनराशि चाहिए। विशाल बनाने की योजना सामने आई है, दुसरे 30 साल में महंगाई काफी बढ़ गई है। तो इसी वर्ष नवम्बर-दिसम्बर में धन इकठ्ठा किया जाना घोषित हुआ है। सरकार के स्थान पर समाज से पैसा लेकर मंदिर बनाना निश्चय ही सही कदम है। जब 1948 में सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की बात आई तो नेहरू, जो इस योजना के बिलकुल विरुद्ध थे, ने कह दिया कि सरकार इसके लिए कोई पैसा नहीं देगी। तब पटेल और के एम मुंशी ने मंत्रिमंडल में प्रस्ताव पास करवाया कि जनता से पैसा एकत्र कर सोमनाथ का निर्माण किया जाए। उसके बाद राष्ट्रपति मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में गए थे। वर्तमान सरकार तो बड़ी खुशी से मंदिर निर्माण हेतु पैसा दे देगी, पर वह राम-भक्तों के लिए लज्जा की बात होगी।

**– पूनम मित्तल**, मेरठ

## बढ़ती जनसंख्या

**देश** हो या परिवार, हर किसी के आर्थिक ढांचे को स्थिर और मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरत से ज्यादा लोग और आबादी अक्सर नकारत्मक प्रभाव डालती हैं। पहले जमाने में लोग 8-10 बच्चे पैदा किया करते थे, लेकिन आज स्थिति विपरीत है। हम दो हमारे दो का मूल मंत्र बहुत से शिक्षित और नौकरी करने वाले वर्ग ने अमल में लाया। हालांकि अभी भी गांव और पिछड़े इलाकों में लोग बच्चे को पैदा करना ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं। इस वहम को जितना जल्दी खत्म कर दिया जाए बेहतर है। हाल ही में आए लॉसट (अमेरिकी स्वास्थ्य मैगज़ीन) के अनुसार विश्व में 2047 तक सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा भारत। अनुमान लगाया जा रहा कि मौजूदा जनसंख्या 1.31 अरब से 1.61 अरब हो सकती है। वहीं कुछ विशेषज्ञ कहते है, ज्यादा आबादी होना देश के लिए एक दृष्टिकोण से अच्छा भी है। ज्यादा आबादी का सीधा फायदा है,ज्यादा मैनपॉवर। लेकिन अगर जनसंख्या के अनुसार ही सभी सुविधाएं और रोजगार नहीं उपलब्ध हुए तो, इसके बहुत बुरे दुष्परिणाम भी झेलने पड़ सकते हैं।

**– अमन जायसवाल**, दिल्ली

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और युवा मंडल ने किया वृक्षारोपण



**कवर्धा।** नेहरु युवा केंद्र कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा समन्वयक नेहरू युवा केंद्र के कुशल नेतृत्व मे कार्य कर रहे कवर्धा ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लोकेश देवांगन के अगुवाई मे छत्तीसगढ़ शासन के हरियर योजना के अंतर्गत ग्राम खैरझिटी खुर्द एवं ग्राम कुटकीपारा मे युवा मंडल के सदस्यों के सहयोग से अपने ग्राम स्तर मे वृहद रूप मे वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर ग्राम सरपंच उबारन दास कोशले, युवा स्वयंसेवक लोकेश देवांगन, युवा मंडल के अध्यक्ष खोमेश राजपूत, सचिव सोनू राजपूत,गोपी सिंह, मिथलेश धुर्वे, तुलाराम, प्रकाश धुर्वे, लालाराम, कृपाल एवं गांव के युवा व बुजुर्ग उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे युवाओं ने बढ-चढ कर सहयोग किया, साथ ही लगाये गये वृक्षों का संरक्षण करने का संकल्प लिया।

### टीके रणदीवे होंगे जोन-2 के प्रभारी कार्यपालन अभियंता

**भिलाई नगर।** नगर निगम आयुक्त ऋ तुराज रघुवंशी ने निगम की प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने आंशिक बदलाव किया है। कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन को जोन-2 वैशाली के कार्यपालन अभियंता के प्रभार से मुक्त कर टीके रणदीवे को कार्यपालन अभियंता का प्रभार दिया है। आयुक्त के आदेश के अनुसार कार्यपालन अभियंता रणदीवे वर्तमान कार्य के साथ-साथ जोन-2 का कार्य संपादित करेंगे। कार्यपालन अभियंता देवांगन का जोन-2 के प्रभार को छोड़कर शेष प्रभार यथावत रहेगा।

### अंग्रेजी विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 तक

**कवर्धा।** शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रंगलाल बारले ने बताया कि शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय कवर्धा में अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश कार्य प्रारंभ है। प्रवेश के लिए अध्ययन विद्यालय की टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) की मूल प्रति अंक सूची की छायाप्रति आवश्यक है। कक्षा पहली के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2020 निर्धारित थी जिसे ब?ाकर 31 जुलाई 2020 कर दी गई है। उन्होंने समस्त पालकों से आग्रह किया है कि 31 जुलाई 2020 तक अपने बच्चों के प्रवेश दिला सकते है। एक अगस्त 2020 से प्रतिक्षा सूची के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

# भूपेश सरकार की योजनाओं पर मवेशी तस्कर फेर रहे पानी

- जिले में मवेशी तस्करी के लगातार मामले आ रहे सामने
- ट्रक में 38 मवेशियों की तस्करी करते हुए कुल 6 आरोपी गिरफ्तार
- शासन प्रशासन को चाहिए कि मवेशी बाजारों को पूर्णतः किया जाए बंद

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



भूपेश सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बाड़ी के अंतर्गत पशुओं की सुरक्षा और उनकी देखरेख के लिए गौठानों का निर्माण किया गया हैं। साथ ही अब गौधन न्याय योजना की शुरुआत की गई हैं। ताकि पशुओ को देखरेख के साथ उनकी सुरक्षा की जा सके। लेकिन जिले में लगातार मवेशी तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। जिसपर पुलिस कार्यवाही भी कर रही हैं। लेकिन अब तलक तस्करी पर पूरी तरह रोकथाम लगाने में पुलिस असमर्थ साबित हुई हैं। पशुओं की तस्करी करते हुए तस्करों पर बुधवार को गुंडरदेही पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की हैं। मिली जानकारी अनुसार 18 जुन की रात्रि को वाहन ट्रक क्रमांक- सीजी 31-1891 के चालक द्वारा वाहन में 14 मवेशी भरकर कत्ल खाने ले जाते समय अर्जुनी से गोरकापार के मध्य नहर डबरी के पास एक्सीडेंट होने से 14 मवेशीयों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। पुलिस द्वारा वाहन 10 चक्का ट्रक को मौके से जप्त कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से पता तलाश कर रही थी। पुलिस कप्तान जितेंद्र सिंह मीणा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए फरार आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था। इस हेतु पुलिस द्वारा पशुधन तस्करी करने वाले लोगो पर बारिकी से नजर रखी गई एवं सूचना पर की मंगलवार व बुधवार के दरम्यानी रात्रि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 22-॥-1742 में पशुधन को क्ररुता से भरकर गुरुर थाना क्षेत्र में ओझागहन से नागपुर की ओर ले जा रही है। एएसपी डीआर पोर्ते एवं डीएसपी दिनेश सिन्हा से सतत मार्गदर्शन में गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के चैनगंज में गोपनीय रूप से पुलिस बल लगाकर प्रातः 5 बजे से वाहन क्रमांक सीजी 22 ॥ 1742 को चेक करने हेतु रोका गया। पुलिस को आता देख आरोपी भाग ख? हुए। जिसे पुलिस बल द्वारा दौडाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन को चेक करने पर 38 पशुधन वाहन के अंदर मिले। जिनमें से 2 पशुधन मृत अवस्था में पाये गये। पशु सहित वाहन को जप्त कर आरोपी इमरान साह, मोहम्मद शादिक शेख, अनिल रमेश उइके एवं अन्य 3 को थाना गुण्डरदेही के अपराध क्रमांक 326/20 , पशु के प्रति क्ररुता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया। उक्त आरोपियों के विरूद्ध नागपुर के विभिन्न थानों में पशु तस्करी के मामले दर्ज है। प्रकरण में पुलिस और भी पूछताछ कर रही है।

## खटाल की गंदगी को बहा रहे थे तालाब में, 5 हजार जुर्माना

- औद्योगिक क्षेत्र में गंदगी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर की आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण और निकासी व्यवस्था को बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। वार्ड-27 घासीदास नगर क्षेत्र के खटाल संचालक, संजय बॉटल और श्री शिवम मोटर्स संचालक सहित तीन लोगों से 25 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया गया। वार्ड-27 घासीदास नगर निवासी आशा यादव खटाल की गंदगी को नाली में बहा देती थी। यह गंदगी नाली माध्यम से सीधे तालाब में मिल रही है। इसकी वजह से तालाब का पानी प्रदूषित हो रही है। वार्डवासियों ने इसकी निगम प्रशासन से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर आशा यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई। उनसे 5 हजार रूपए अर्थदंड वसूल किया गया। वहीं जोन-2 की आयुक्त पूजा पिल्ले ने खटाल संचालक को तीन दिन के अंदर खटाल की निकासी व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। निर्धारित अवधि के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा टीम ने श्री शिवम मोटर्स संचालक के खिलाफ 10 हजार जुर्माना लगाया। लॉक डाउन के बाद स?क किनारे और मैदान में रखी गई कंडम गाड़ियों को हटा लेने की चेतावनी दी गई। मोटर्स संचालक ने गाड़ियों को रोड के किनारे और खाली जगह पर ख?ी कर दिया था। इसके कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। साथ ही रोड के किनारे का हिस्सा कई जगहों पर धंस गई है। कुछ स्थानों पर गढ्डे हो गए हैं। गा?ियों की बाडी में जमा बारिश का पानी को खाली कराया गया। वहीं संजय के खिलाफ 10 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया। संजय ने कांच की खाली बोतलों को खुले में डंप कर रखा है। इससे नाली जाम हो गई थी। कार्रवाई के दौरान टीम में सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल और अंजनी सिंह शामिल थे।

## कोसा नगर अंग्रेजी माध्यम में संचालित करवाने का मांग पत्र महापौर को सौंपा



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की अंग्रेजी माध्यम से शासकीय स्कूल में शिक्षा प्रदान करने की महतियोजना से वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लोग वंचित न हो इस लिये कोसा नगर शासकीय स्कूल को इस योजना में शामिल कर के आस पास की घनी बस्ती कोसा नगर,अटल आवास,रैशने आवास,मॉडल टाउन,कृष्णा नगर,संजय नगर,गौतम नगर,राजीव नगर,लक्ष्मी नगर,आरक्षी नगर और सुपेला यह सब बस्ती श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, इन क्षेत्रों में लाखों लोग निवास करते है,यहां गरीब तबके के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने में असमर्थ है और जो लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूलों में मजबूरी में दाखिला करवाते हैं वो आगे जाकर अपने बच्चों को पूरी शिक्षा देने में असमर्थ हो जाते है तो लगन से पढ़ने वाले बच्चे पैसे के अभाव के कारण शिक्षा से वंचित हो जाते है और पढ़ाई बीच मे छोड़कर मजबूरीवश मेहनत मजदूरी करने लगते है।

## कलेक्टर ने हितग्राहियों को किया भू-स्वामी अधिकार पट्टा वितरण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर शिव अनंत तायल ने बुधवार को नगरीय क्षेत्रों के अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन संबंधी प्रकरण के अंतर्गत नगरपालिका क्षेत्र बेमेतरा मे निवासरत दो हितग्राहियों को पट्टा का वितरण किया। छ.ग. शासन राजस्व विभाग के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थापन योजनांतरगत बेमेतरा की शासकीय भूमि के अतिक्रामको को वर्तमान गाइडलाइन के 152 प्रतिशत की दर से 05 प्रकरण मे बेमेतरा जिला के नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि की व्यवस्थापन के निराकरण क्रम मे, तहसील साजा के ग्राम देवकर निवासी हिमांशु राजपुत पिता डोमेन्द्र सिंह एवं संतोष सिंह पिता गुलाब सिंह को 500-500 वर्गफीट तथा तहसील बेरला के ग्राम बेरला निवासी रमेश सिंह पिता घनश्यम सिंह,गंगाधर वर्मा पिता चोवाराम वर्मा एवं दिलीप पटेल पिता उदयराम पटेल को क्रमशः 146 वर्गफुट, 161 वर्गफीट एवं 180 वर्गफीट को आवासीय/व्यवसायिक प्रयोजन हेतु शासकीय भूखण्ड का भूमि स्वामी अधिकार का पट्टा कलेक्टर द्वारा दिया गया। जिसमें कुल राशि 11 लाख 40 हजार 945 रु. शासकीय कोष मे जमा किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री संजय कुमार दीवान, तार सिंह खरे, तहसीलदार साजा आशुतोष गुप्ता सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, योगेश राजपुत, नायब तहसीलदार बेरला एवं जयेश कंवर नायब तहसीलदार साजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तिलक-आजाद को कांग्रेस ने दी श्रद्धाजंलि



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के आदेशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा 23 जुलाई दिन गुरूवार को सुबह 11बजे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती तथा प्रदेश के वरिष्ठ नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महंत की 42 वीं पुण्यतिथि स्थानीय कांग्रेस भवन मे आज मनाया गया ।जिसमें आज तीनों महानायकों को पुष्पमाला अर्पित की गई । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल ,पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश राघव ,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस बेमेतरा, खूबचंद सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सांसद विजय बघेल के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी में किया प्रवेश

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



मौहारीभाठा मरोदा क्षेत्र के कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर बीजेपी की सदस्यता ले ली है। भाजपा की सदस्या ग्रहण करने वाले इन लोगों में विभिन्न संगठनो से जुड़े हुये लोग भी षामिल है। सांसद श्री विजय बघेल के समक्ष इन लोगों ने भाजपा में प्रवेष किया। इस दौरान सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस अपराधिक तत्वों को प्रश्रय देने वाले लोगों की पार्टी बनती जा रही है, इसलिए उसके जागरूक कार्यकर्ता इस पार्टी से दूर भाग रहे है।

कांग्रेस के उक्त कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल से उनके सेक्टर- 5 स्थित निवास पहुंचकर मुलाकात की तथा भाजपा की रीति नीति व सिद्धातों पर आस्था व्यक्त करते हुये पार्टी में प्रवेष किया। सांसद श्री विजय बघेल ने उन्हे भाजपा का गमछा पहनाकर तथा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क देकर पार्टी में प्रवेष दिलाया। भाजपा में प्रवेष लेने वाले इन कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या में महिलाएं भी षामिल थी।

सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेषा राश्ट्रवाद देष के हित के लिए काम किया है। राश्ट्रवाद के लिए लड़ने वाले भाजपा के कई नेताओं को कांग्रेस ने सत्ता में रहने के दौरान तरह-तरह से प्रताड़ित करने व यातनाएं देने के लिए साजिष की। आज छत्रीसगढ़ राज्य में भी कांग्रेस के लोग सिर्फ अवैध षराब, मारपीट व तुश्टिकरण की राजनीति कर रहे है। अपराधियों, बदमाशों को प्रश्रय दिया जा रहा है।

## ईमारती और जलाऊ लकड़ी की नीलामी से 2.55 करोड़ का मिला राजस्व




**कवर्धा।** मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त दुर्ग श्रीमती शालिनी रैना, भारतीय वन सेवा के मार्गदर्शन में 21 जुलाई को वन विभाग कवर्धा, वन मंडल द्वारा कवर्धा डिपो में इमारती लकड़ी के 206 लॉट तथा जलाऊ लकड़ी के 9 लॉट का टिंबर व्यापारियों को नीलामी कर एक करो? 19 लाख 83 हजार 950 रुपया का राजस्व शासन को दिया गया। इसी प्रकार 22 जुलाई को चिल्फी डिपो में ईमारती लकड़ी के 174 लॉट की नीलामी टिंबर व्यापारियों को नीलामी करके वन विभाग द्वारा एक करो? 33 लाख 60 हजार एक सौ रुपए का राजस्व शासन के पक्ष में प्राप्त किया गया। इन दोनों डिपो में जुलाई माह में की गई नीलामी से छत्तीसगढ़ शासन को 2 करोड़ 55 लाख 44 हजार 50 रुपए का राजस्व मिला है। दोनों डिपो में हुई ईमारती और जलाऊ लकड़ी की औसत नीलामी अपसेट प्राइस से लगभग 11 प्रतिशत ऊपर गई है।

## 9.32 लाख की लागत से सेक्टर-1 में होंगे विकास कार्य

- गमहापौर देवेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सेक्टर-1 में 9 लाख 32 हजार की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने सेक्टर-1 बी मार्केट स्थित शिव मंदिर के समीप 2 लाख 50 हजार की लागत से मंच संधारण कार्य और 2 लाख 54 हजार से शौचालय निर्माण का भूमिपूजन किया। जोन-5 के आयुक्त महेन्द्र पाठक को प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए! भूमिपूजन का दूसरा कार्यक्रम सेक्टर-1 स्थित अंबेडकर पार्क में हुआ। जहां विधायक यादव ने योगा भवन का संधारण और शौचालय भवन निर्माण की आधारशिला रखी। इस मौके पर विधायक ने बृजजीवन राय को याद करते हुए कहा कि महापौर के रूप पहली बार उनके साथ इस उद्यान में आए थे। तब उन्होंने योगा भवन का मरम्मत कराने की मांग की थी। उनकी मांग के अनुसार 2 लाख 78 हजार की लागत से योगा भवन का मरम्मत कराया जाएगा। डेढ़ लाख की लागत से शौचालय भवन भी बनवाया जाएगा। विधायक ने वहीं पर समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा किया। इस मौके पर आशीष यादव, धन्नू मिश्रा, जावेद खान, संजय टावरी, पवन अग्रवाल, जीपी तिवारी आदि उपस्थित थे।

### श्रम विभाग ने किया 470 श्रमिकों का पंजीयन, 36 योजनाओं के लिए हुए पात्र

# तीन सौ गुड़ उद्योगों में प्रवासी श्रमिकों के लिए खुले रोजगार के द्वार

- महात्मागांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना के तहत 6 हजार से प्रवासी श्रमिक परिवारों को मिला जॉब कार्ड

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कोविड-19 कोराना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए जारी लॉकडाउन के दौरान अन्य राज्य से वापस आए कबीरधाम जिले के कुशल और अकुशल प्रवासी श्रमिकों को मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल के मंशानुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, रोजगार के नए आयामों की जानकारी देने निजी नियोक्ताओं द्वारा रोजागार के द्वार खोलने के लिए आज कवर्धा के वीर सावरकर भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के. ने प्रवासी श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित श्रम पंजीयन कार्ड वितरण किया गया। साथ ही महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत जॉब कार्ड वितरण गया गया। जिले में 6 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक परिवारों को जॉब कार्ड तथा 470 श्रमिकों को श्रम पंजीयन कार्ड वितरण किया गया है। श्रम विभाग में पंजीयन होते ही प्रवासी श्रमिक अब विभाग में संचालित 36 विभिन्न प्रकार के योजनाओं के लिए पात्र हो गए है। रोजगार मेले में जिले में संचालित तीन सौ से अधिक गुड़ उद्योग संचालकों ने प्रवासी सभी कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजागर के द्वारा खोल दिए है। गुड़ उद्योग संचालकों ने भरोसा दिलाया है कि उनकी योग्यता और दक्षता के आधार पर रोजगार दिए जाएंगे। श्रमिकों को रहने की भी व्यवस्था दी जाएगी। अन्य राज्यों में जाकर प्रवासी श्रमिकों को मिलने वाली पराश्रमिक राशि भी स्थानीय स्तर पर दी जाएगी। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भपेश बघेल द्वारा कोविड-19 के संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों में राज्य में संचालित लघु एंव बड़े उद्योगों के प्रोडक्शन में राज्य में मांग के अनुरूप कमी ना हो इसके लिए विशेष तौर पर प्रयास किए जा रहे है। उन्होने कहा कि जिले में 22 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक अपने घर वापस आए है। सभी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से आज यहां रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि प्रवासी श्रमिको के लिए एक प्लेटफार्म में एक ही स्थान पर उनकी कार्य कुशलता, दक्षता और योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए यह रोजगार मेला उनके लिए संजीवनी साबित हो सकता है। जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के ने बताया कि राज्य शासन के मंशानुरूप कलेक्टर के मागदर्शन में जिले के प्रवासी श्रमिकों को रोजगार से जोड़ने का शुरू कर दिया गया है। जिले के लगभग 6 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक परिवारों को मनरेगा के तहत जॉब कार्ड बनाकर उन्हे गांव स्तर पर रोजगार दिया जा रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक : शारदा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लायनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के अध्यक्ष ललिता साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में क्लब की संरक्षिका एवं चेयरपर्सन शारदा तिवारी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर खिलोरा रोड में वृक्षारोपण का कार्य किया गयाक्लब अध्यक्ष ललिता साहू ने कहा कि पौधे वृक्ष अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक होने के साथ पृथ्वी के आभूषण हैं और धरती की सुंदरता को बढ़ाते हैं शारदा तिवारी के अनुसार पर्यावरण के स्वच्छता सुंदरता एवं संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है यह प्रदूषण को कम करता है तथा पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य करता है इसी परिप्रेक्ष्य में वृक्षारोपण का कार्य किया गया ताकि करोना महामारी काल में पर्यावरण की शुद्धता में वृद्धि हो लोगों की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़े और लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो इस अवसर पर लायनेस क्लब प्रेरणा सचिव विनोद राघव लायनेस संरक्षिका शशि तिवारी उपाध्यक्ष वर्षा गौतम सरला सिंह ठाकुर ममता ताम्रकार रानी रवानी निधि बनाफर प्रिया राजपूत नीलम साहू किरण जैन आरती साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### लैब टैक्निशियनों का चयन, प्रतीक्षा सूची जारी

**मुंगेली।** कोविड 19 संक्रमितों के जांच हेतु लैब टैक्निशियनो की भर्ती हेतु उनसे प्राप्त आवेदन पत्रो की जांच और प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात् लैब टैक्निशियनो का चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दिये गये है। लैब टैक्निशियनो का चयन एवं प्रतीक्षा सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी की गई है। चयन एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचनापटल और जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

### जिले के सभी जनपद पंचायतों को 42 लाख आबंटित

**मुंगेली।** कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां बताया कि नोवेल कोरोना कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन अवधि मे प्रदेश के बाहर से आकर क्वारेंटाइन हुए श्रमिको के भोजन पानी , दवाई और परिवहन पर हुए व्यय को देखते हुए जिले के सभी जनपद पंचायतो को 42 लाख रूपये की राशि आबंटित की गई है। इनमे प्रत्येक जनपद पंचायत के लिए 14-14 लाख रूपये की राशि शामिल है।

### पंचायत सचिव बिसाहूराम सिदार निलंबित

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम-नवापारा (पं.) के पंचायत सचिव बिसाहूराम सिदार को कोरोना (कोविड-19) जैसे विशेष गंभीर परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। मिली जानकारी अनुसार सचिव सिदार को क्वारेन्टीन सेंटर से एक व्यक्ति को बिना उसकी कोविड रिपोर्ट मिले एवं एसडीएम के अनुमति के बगैर ही जाने देने का मामला सामने आया है। उनके इस कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए उन्हें तत्काल निलंबित किया गया है।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक अब 5 अगस्त को

**मुंगेली।** जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता मे जिला जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक अब 5 अगस्त को होगी। इसके पहले जिला जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 24 जुलाई को आयोजित की गई थी। 24 जुलाई को आयोजित बैठक को कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु 28 जुलाई तक लागू लॉकडाउन के कारण स्थगित की गई है। जिला पंचायत के सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के सचिव ने समिति से संबंधित सभी अधिकारियों को पूर्ण जानकारी के साथ निर्धारित स्थान और समय पर उपस्थित होने को आग्रह किया है।

# पिता के आग्रह पर बेटी का शव खोदकर निकाला गया

- हत्या की आशंका के चलते होगा पोस्टमार्टम
- 10 जुलाई को बेटी की हुई थी संदिग्ध मौत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कृष्णापुर रहवासी प्लांट कर्मी दुकालू दास महंत की सात साल की बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में 10 जुलाई को मौत होने के बाद उसके शव को प्रशसानिक अधिकारी एवं पुलिस की मौजूदगी में दोबारा कब्र खोदकर निकाला गया। इसके बाद उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

इस संबंध में तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह के पास मृतक के पिता ने यह आवेदन लगाया था कि उसकी बेटी की मौत प्राकृतिक नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई है। इसी आवेदन के आधार पर आज ग्राम कृष्णापुर में पुलिस टीम के साथ तहसीलदार की मौजूदगी में उसकी बेटी के शव को निकालकर जांच के लिए भेजा गया है। इस संबंध में कोतरा रोड़ थाना प्रभारी युवराज तिवारी का कहना है कि मृतक की बेटी की मौत की सूचना पाकर पिता ओड़िशा के अंगुल से तत्काल रायगढ़ पहुंचे और सामाजिक रीति रिवाज के साथ बेटी का शव दफनाया गया था। घटना के चंद दिनों बाद पिता को परिवार के लोगों से जानकारी मिली कि उसकी बेटी की मौत बीमारी से नहीं बल्कि सिर पर आई चोट से हुई है। इसके बाद बेटी की मौत का असल कारण जानने दुकालू दास महंत ने कोतरा रोड़ थाना में पुलिस से मुलाकात की और स्थिति से अवगत कराते हुए जांच की मांग की। मामले की संवेदनशील को देखते हुए कोतरारोड टीआई युवराज तिवारी ने न्यायालीन प्रक्रिया पूरा की और अनुविभागीय न्यायालय से आज कब्र से लाश निकालने का आदेश जारी किया गया। गुरूवार को सात वर्षीय बालिका का शव पुलिस और न्यायिक टीम की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया।

# ताला तोड़कर 2 कट्टी चावल व 30 किलो शक्कर की चोरी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




प्रार्थी मयाराम राठौर संस्था प्रबंधक सेवा सहकारी समिति सिवनी ने चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 जुलाई 20 को शहिद चौक सिवनी स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का सेल्समैन शाम 6 बजे दुकान बन्द कर घर चला गया था। जो 21.जुलाई को सुबह दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर 2 कट्टी सरकारी चावल व 30 किलो लगभग सरकारी शक्कर को चोरी कर लिया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457,380भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण करने पर घटनास्थल में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति चोरी करते दिखा जो कि अज्ञात आरोपी के हुलिये के आधार पर आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबिर लगाया गया था।जो आज 22.जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिवनी का विजय सूर्यवंशी पिता देवप्रसाद सूर्यवंशी का उक्त चोरी में हाथ हो सकता है उसकी गतिविधि संदिग्ध है और फुटेज में दिख रहे अज्ञात चोर जैसा विजय सूर्यवंशी का हुलिया दिख रहा है।मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती पारुल माथुर(भापुसे) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जांजगीर जितेंद्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में उक्त संदेही को चौकी तलब किया गया जो पूछताछ की शुरुआती दौर में आरोपी अपराध से इंकार करता रहा किंतु मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर वह टूट गया और अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और बताया कि 20-21जुलाई की दरमियानी रात को वह ग्राम सिवनी के शहिद चौक के पास स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में रॉड से शटर का ताला तोड़कर सरकारी चावल और शककर की चोरी किया था जिसे अपने घर के कमरे में पलंग के नीचे छिपा कर रखना बताया।आरोपी की निशानदेही पर चोरी किये सरकारी चावल,शक्कर और चोरी में प्रयुक्त रॉड को जप्त किया गया।आरोपी विजय पिता देवप्रसाद सूर्यवंशी उम्र 50 वर्ष साकिन आवास पारा सिवनी को धारा 457,380 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय जांजगीर के समक्ष पेश किया जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड में जिला जेल जांजगीर भेज दिया गया।उक्त कार्यवाही में नैला चौकी प्रभारी उनि ललित चंद्रा,प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पटेल,प्रतिभा राठौर,आर लक्ष्मीकांत कश्यप एवं चौकी स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

## शहीदों की जयंती, बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

23 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा द्वारा आजादी के परवाने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जन्म जयंती तथा छत्तीसगढ़िया अस्मिता के प्रतीक, जननायक बिसाहूदास महंत जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10.00 बजे शहीद स्मारक प्रांगण कचहरी चौक जांजगीर में आयोजित किया गया है, उक्तआशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के प्रवक्ता रफीक सिद्दीकी एवं शिशिर दिवेदी एवम कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल रत्थुराम चंद्रा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई को प्रातः 10.00 बजे से उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा जिले के संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. चोलेश्वर चंद्राकर की उपस्थिति में आयोजित किया गया है, तथा इस अवसर पर जन्म गई।

# जननायक स्व. बिसाहू दास महंत को दी गई श्रद्धांजलि

- बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर गृहग्राम में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की अस्मिता के प्रतीक, जननायक स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की 23 जुलाई को पुण्य तिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ चरणदास महंत के गृह ग्राम जांजगीर चांपा जिले के नगर पंचायत सारागांव क्षेत्र में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की प्रतिमा पर विधानसभा अध्यक्ष सहित कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, तथा इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि आज पूज्य बाबूजी ने जो हम सभी को सत्कर्म करने का संदेश दिया एवं उन्होंने सदैव दीन- दुखियों, गरीबों तथा जरूरतमंदों की सेवा की एवं पूज्य बाबूजी ने राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास के लिए सदैव दूरदर्शी सोच के साथ अपने कार्य किए तथा आज हमें गर्व है कि उनके बताए मार्गों का हम अनुसरण कर रहे हैं, इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि गबेल, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल सक्ति, समर विजय सिंह पिंटू ठाकुर एवं विजय सूर्यवंशी ने भी कहा कि स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी ने अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से छत्तीसगढ़ प्रदेश में सदैव विकास के लिए एवं हमेशा लोगों की चिंता करते हुए कार्य किए हैं,एवं आज उनके बताए मार्ग पर चलते हुए उनकी बातों को हम अपने जीवन में आत्मसात कर रहे हैं, तथा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी ने एक जन नायक के रूप में लोगों के बीच अपनी प्रसिद्धि प्राप्त की वही छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के गृह ग्राम सारागांव में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की 42 वी पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों ने उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डीएमएफ फंड से जिले में 60 करोड़ के कार्यो की स्वीकृति




पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अध्यक्षता में खनिज संस्थान न्यास निधि (डी एम एफ) की शासी परिषद की बैठक कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में संपन्न हुई। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल तथा जिले के सभी विधायकगण की उपस्थिति में (डी एम एफ) मद से लगभग 60 करोड़ की राशि के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डी.एम.एफ. राशि का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, जैसे जन कल्याणकारी कार्यो में किया जाय। उन्होंने रायगढ़ जिले में कोरोना महामारी की रोकथाम और उससे बचाव के लिए किये गये उपायों की प्रशंसा व्यक्त किया।

# मिट्टी के कुंए में जंगली हाथी गिरा

- वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर
- धरमजयगढ़ के दूलियामुडा गांव की घटना

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दूलिया मुडा में बीती रात मिट्टी कुँए में नर हाथी गिर गया। इस घटना की सूचना पाकर वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथी का रेसक्यू शुरू किया गयाऔर दो घंटे की मशक्कत के बाद हाथी को कुंए से सुरक्षित निकाला गया। उसके बाद जंगली हाथी वापस जंगल की ओर चला गया। वन विभाग द्वारा चलाए गए इस रेस्क्यू में हाथी पूरी तरह सुरक्षित था और उसे कहीं चोट भी नही आई।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत दूलियामुड़ा गांव किनारे उस वक्त एक नर हाथी मिट्टी कुँए में गिरकर फंस गया जब 17 हाथियों का दल दूलियामुड़ा गाँव में घुस गए थे। उसके बाद परेशान ग्रामवासियों ने किसी अनहोनी की आशंका से हाथी मित्र दल एवं वन विभाग तथा खुद ग्रामवासियों ने मिलकर हाथियों के झुंड को खदेडने का प्रयास किया इसी बीच एक नर हाथी खेतों में बने मिट्टी के कुंए में गिर गया। जब इसकी जानकारी गांववासियों को हुई तो वे वन विभाग को सुचना दिए। इस घटना की सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ रेंज अफसर टी.पी. वस्त्रकार धरमजयगढ़ डीएफओ मणि वासगन के निर्देश अनुसार बिना समय गंवाए पूरी टीम के साथ मौके पर पहुँच गए और रेसक्यू आपरेशन में जुट गए। मौके में मौजूद रेंजर की टीम ने वन विभाग के अन्य कर्मियों के साथ-साथ गांव वालों की मदद से मिट्टी के कुंए को काटकर रास्ता बनाया।

## भाजपा नगर मंडल सक्ति का चल रहा है संपर्क कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत भाजपा नगर मण्डल सक्ती में जनसम्पर्क अभियान अंतर्गत वार्ड क्र 04 में वरिष्ठ भाजपा नेता रामअवतार अग्रवाल एवम चेतन साहू के नेतृत्व में किया गया, वार्ड 04 के कार्यक्रम प्रभारी गजल साहू , विक्रम सिंह राज एवम अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां पत्रक वितरण कर लोगों को बताई,साथ ही मोदी जी आमजन के नाम संदेश भी पत्रक द्वारा वार्डवासियों के बीच पहुंचाया गया। इसी तरह वार्ड 06 एवम वार्ड 07 में भी जनसंपर्क कार्यक्रम किया गया,जिसमे वरिष्ट नेता प्रीतम सिंह गबेल,जिला मंत्री संजय रामचंद्र,नगर मंडल अध्यक्ष भवानी प्रसाद तिवारी,नगर उपाध्यक्ष भवानी प्रसाद तिवारी प्रमुख उपस्थित रहे।

# अवैध कारोबार का बोलबाला चोरों तरफ देखने को मिल रहा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




नगर सहित आस पास के क्षेत्रों में अवैध कारोबार का बोल बाला जोर शोर से देखने को मिल रहा है, जिसके चलते असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है, लाकडाउन के चलते जहां लोगो को घरों में रहने की हिदायद दी जा रही है, वही जुआ सट्टा, और नशिली वस्तुओं में लिप्त लोगों को न ही लाकडाउन से कोई सरोकार नजर आ रहा है, न ही इन लोगों को कानून का भय प्रतित हो रहा है। वही बिते कल काफी दिनों बाद पुलिस की कार्यवाही नजर आई है, जिसमें 2 लोगो को मुंगेली पुलिस ने पकडने में सफलता हासिल की है। पुरा मामला मुंगेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहतरा है जहां मिली पुलिस ने सुचना के आधार पर दबीश देकर जुआ खेलते दो लोगो को धर दबोचा, वही कुछ लोग भागने में सफल हो गये, पुलिस ने मौके से 4 बाइक, 1 बोलेरो को जब्त किया है, प्रदेश में बढते कोरोना केसों के चलते प्रदेश में जहां लाकडाउन घोषित किया गया है। वही दूसरे तरफ जुआ सट्टा और नशे की गिरफ्त लोगों को झुण्ड बना कर बैठे आसानी से देखा जा सकता है। जिसको देखते हुए ये प्रतित होने लगा है कि इन लोगो पर कोई बड़ी कार्यवाही न हो पाने के कारण इनके हौसले बुलंद हो चले है। नगर और आस पास के सून सान जगहों पर ये लोग अपने गतिविधियों को अंजाम देते है।

## पेज 1 के शेष...

### भूपेश बघेल ने बहन ...

विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, भ्रष्टाचार समाप्त करने एवं मजबूत लोकपाल के गठन करने जैसे महत्वपूर्ण वादों को पूर्ण करने में असफल रहने पर डॉ. रमन सिंह एवं मोदी जी को भी राखी भेजतीं। मुख्यमंत्री ने पत्र में आशा व्यक्त करते हुए लिखा है कि मुझे आपका स्नेह सदा प्राप्त होता रहेगा। राखी भेजने हेतु पुनः हृदय से आभार

### कोरोना के रिकॉर्ड 45720 नये ...

जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकार्ड मामलों में से करीब एक चौथाई केवल महाराष्ट्र के 10576 रहे और इस दौरान राज्य में 280 मरीजों की वायरस से मौत हुई। तमिलनाडु में भी इस अवधि में स्थिति बेकाबू होती नजर आई और रिकार्ड नये 5849 नये मामले और 518 ने दम तोड़ दिया। इसके अलावा गत चौबीस घंटों में आंध्र प्रदेश,कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में एक दिन के रिकार्ड मामले आये। मंत्रालय के अनुसार देशभर में 45,720 नये मामलों से संक्रमितों का कुल आंकड़ा 12 लाख 38 हजार 635 पर पहुंच गया। इसी अवधि में मृतकों की संख्या रिकार्ड 1129 बढ़कर 29,861 हो गयी। इस दौरान एक दिन में सर्वाधिक 29,557 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 7,82,607 लोग कोरोना से मुक्ति पा चुके हैं। देश में कोरोना संक्रमण के 4,26,167 सक्रिय मामले हैं। विभिन्न राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान स्थिति पर नजर डालें तो देश में सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमण के रिकार्ड 10,576 नये मामले और 280 लोगों की मौत से राज्य में संक्रमितों का कुल आंकड़ा 3,37,607 और मृतकों की संख्या 12,556 पर पहुंच गई। राज्य में 1,87,769 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। देश में महाराष्ट्र में सर्वाधिक एक लाख 49 हजार 838 मामले सक्रिय हैं। संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर स्थित तमिलनाडु में इस दौरान 5849 नये मामले सामने आये और रिकार्ड 518 लोगों की मौत हुई ।

### प्रदेश में कोरोना का आंकड़ा ...

अन्य जिलों से अभी रिपोर्ट आ रही है। आपको बता दें कि राजधानी रायपुर के लॉकडाउन का आज दूसरा दिन है। पहले दिन भी ढ़ाई सौ से ज्यादा कोरोना पॉजेटिव आये थे और आज भी आंकड़ा दो सौ के पार पहुंचता दिख रहा है। इन आंकड़ों के साथ अब प्रदेश में कोरोना पॉजेटिव का आंकड़ा 6200 के करीब पहुंचता दिख रहा है। रायपुर के भाटागांव व मंगलबाजार के बाद राजधानी के कई इलाकों से कोरोना पॉजेटिव मरीज मिले हैं। इससे पहले कल भी रायपुर में 100 के करीब मरीज मिले थे। आज संक्रमित पाये गये लोगों में जवान, कर्मचारी, गृहणियों के साथ-साथ कई दुकानदार भी हैं। कई छात्रों की रिपोर्ट भी पॉजेटिव आयी है।

### राज्यसभा में भाजपा हुई ...

राज्यों में उसकी सरकारें होती थी, लेकिन 1990 के बाद स्थिति बदलती चली गई और आज कांग्रेस अपने न्यूनतम पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ भाजपा ने लगातार बढ़त हासिल की है और वह पहली बार अपनी उच्चतम संख्या पर पहुंची है। विदित हो कि उच्च सदन में बहुमत न होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, ऐसे में दोनों गठबंधन से अलग दलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई। हालांकि 17वीं लोकसभा में कई नाजुक मौकों पर सत्तारूढ़ दल ने जोड़-तोड़ कर विपक्ष पर बढ़त हासिल की है।

### गोधन न्याय योजनाः गोबर ...

जिसे कम्पनियां अपने उत्पादों में उपयोग कर सकेंगी। इससे संग्रहण कर्ताओं को वनोपज के समर्थन मूल्य के अलावा प्रसंस्करण से होने वाले लाभ का अंश भी मिलेगा। कम्पनियों के नेटवर्क के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पैदा होने वाली वनोपजों के लिए बड़ा मार्केट मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आयुर्वेदिक कम्पनियों को छत्तीसगढ़ में ही प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि, उद्यानिकी और वनों में उत्पादित फसलों को सुरक्षित रखने के लिए पूरे प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यानिकी विभाग पी.पी.पी. माडल पर कोल्ड स्टोरेजों का संचालन कराए। बैठक में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अम्बिकापुर से स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव शामिल हुए। बैठक में संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी और चंद्रदेव प्रसाद राय, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा और रुचिर गर्ग, मुख्य सचिव आर. पी. मंडल, वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी, आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव डी. डी. सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी उपस्थित थे।

**पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ सेक्टर 19, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक पुमु/12/स्टोर/217A/2020 दिनांक 21.07.2020

**निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुलिस मुख्यालय सामान्य शाखा रायपुर में वर्ष 2020-21 में आवश्यकता अनुसार समय समय पर निम्नलिखित सामग्रियां क्रय करने हेतु प्रदाय कर्ता फर्म/ अधिकृत विक्रेता/व्यापारियों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सामग्री का नाम | विवरण | अमानत |
|---|---|---|---|
| 01. | अधिकारियों के कक्ष में लगने वाली सामग्री | ग्रुप-अ अनुसार | 20,000.00 |
| 02. | स्टेशनरी सामग्रियां | ग्रुप-ब अनुसार | 50,000.00 |
| 03. | टोनर कार्टेज | ग्रुप-स अनुसार | 20,000.00 |
| 04. | विद्युत सामग्री | ग्रुप-द अनुसार | 10,000.00 |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता प्रत्येक ग्रुप हेतु पृथक-पृथक रुपये 500.00 (पांच सौ रुपये मात्र) प्रति ग्रूप के मान से कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ पुलिस की वेब साईट www.cg.police.gov.in से डाउनलोड कर प्रस्तुत करेंगे।

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.08.2020 15:00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि 24.08.2020 16.00 बजे तक

**सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यो/प्र)**
**हेतु - पुलिस महानिदेशक**

जी-82531/3

# आईएएस कावरे ने दिए राजस्व, कृषि और सचिवों को किसानों की उपस्थिति में गिरदावरी करने के सख्त निर्देश

## कलेक्टर ने ग्राम गिरांग में भौतिक सत्यापन करके गिरदावरी के कार्य का किया निरीक्षण

**पायनियर संवाददाता ‹ जशपुर नगर**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने गुरूवार को जशपुर विकासखंड के ग्राम गिरांग में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करके राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली। कृषि विभाग, राजस्व विभाग और सचिवों की उपस्थिति में गिरांग के किसान जुलूयूस के खेत खसरा नंबर 513 एक एकड़ के धान लगे खेत का गिरदावरी का कार्य किया जा रहा था। कलेक्टर ने गिरदावरी करने वाले टीम को किसानों की उपस्थिति में गिरदावरी कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम गिरदावरी पूर्ण करने के उपरांत ग्राम पंचायतों में किसानों की सूची का प्रकाश भी किया जाना होगा ताकि किसान को कोई आपत्ति हो, तो अपना दावा प्रस्तुत कर सके।

उन्होंने कहा कि सोसायटी में धान खरीदी के समय, किसानों के गिरदावरी किए गए कार्यों की भूईयां ऑनलाईन एन्ट्री की अपडेट जानकारी देखी जाती है और मिलान किया जाता है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री आर.एन.पाण्डेय, एसडीएम श्री योगेन्द्र श्रीवास, तहसीलदार कमलेश मिरी, आरआई,पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गौठान पहुंचकर गोधन खरीदी की ली जानकारी

कलेक्टर महादेव कावरे ने गुरूवार को ग्राम पंचायत गम्हरिया के गौठान का निरीक्षण करके गौठान समिति और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से गोबर खरीदी की जानकारी ली। उन्होंने गौठान समिति के अध्यक्ष को गौठान में गोबर बेचने आने वाले किसानों के खातें में राशि शीघ्र देने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए गौठानों से जुड़कर वर्मी खाद, गमला बनाने, दिया, मुर्गी पालन, बकरी पालन आदि आजिविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए कहा है। कलेक्टर ने गम्हरिया गौठान में पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री आर.एन.पाण्डेय, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, तहसीलदार कमलेश मिरी, जनपद सीईओ जशपुर प्रेम सिंह मरकाम, पशुपालन विभाग के जी.एस.तंवर गम्हरिया सरपंच विलियम, गौठान समिति के अध्यक्ष और स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

### वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की वन अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी जशपुर श्री कृष्ण जाधव, जिला पंचायत सदस्य श्री सालिक साय, श्रीमती रीना बरला, श्रीमती ममता कष्यप, अनुविभागीय अधिकारी जषपुर श्री योगेन्द्र श्रीवास, सहायक आयुक्त आदिवासी श्री एस. के. वाहने सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर कावरे ने वन अधिकार पत्र वितरण के संबध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अनुसूचित जाति, जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासी को सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्राथमिकता से वितरण किया जाना है। वन अधिकार पट्टा हेतु प्राप्त आवेदनों और पूर्व में निरस्त आवेदनों का पुनः आंकलन कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार पट्टा का लाभ उन हितग्राहियों को दिया जाना है जो वन भूमि पर काबिज हो तथा जिनका पूरा जीविकोपार्जन वन पर आधारित हो। वन अधिकार पत्र वितरण के संशोधित नियम के तहत अनुसूचति जाति एवं जनजाति के आवेदक को 13 दिसम्बर 2005 के पहले उस वन भूमि पर काबिज होना अनिवार्य है। गैर आदिवासी को लाभ लेने के लिए तीन पी?ी से उस स्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार पत्र वितरण के संसोधित नियम के तहत् सामुदायिक वन अधिकार के अंतर्गत निस्तार, लघु वनोपज के संग्रहण एवं प्रसंस्करण, जलाशयों एवं उनके उपयोग, वनों में स्थित पुराने मंदिर, पवित्र स्थल, कब्रिस्तान तक पहुंच एवं उनके उपयोग, देवगुडी, देवस्थान आदि परंपरागत उपयोग के धार्मिक स्थलों के संरक्षण इत्यादि के तहत् सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरण किया जाना है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इस कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए वन अधिकार के तहत् व्यक्तिगत पट्टा के निरस्त दावा आवेदनों को पुर्नविचार कर पात्र दावा आवेदनों को ग्राम वन अधिकार समिति एवं अनुविभागीय स्तर वन अधिकार समिति के समक्ष अनुमोदन कराकर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देष दिए। इस अवसर पर श्री वाहने ने बताया कि वर्तमान में जिले के समस्त विकासखंडों से पात्रता की श्रेणी में 1035 वन अधिकार पट्टे का आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत 703 व्यक्तिगत वन अधिकार एवं 332 सामुदायिक वन अधिकार पट्टे के लिए आवेदन षामिल है।

# हरदेव सिन्हा के परिवार को सहायता प्रदान करने ज्ञापन सौंपा



**पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने की कोशिश में नाकाम हुआ युवक जो भूख और बेरोजगारी से परेशान था, मुख्यमंत्री के निवास के सामने अपनी बात मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा पाने के कारण मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह की कोशिश भी की थी। 22 जुलाई को उसकी मौत हो गई । यह युवक शिक्षित बेरोजगार था, युवक धमतरी जिले के तेलीन शक्ति गांव का निवासी था इसकी पत्नी और दो बेटियां हैं कि इस युवक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र बेरोजगार और भूखमरी से परेशान था तथा इसीलिए उसने यह कदम उठाया आश्चर्य की बात यह है कि सरकारी महकमा ने मानवता को तार-तार करते हुएहरदेव सिन्हा की उपलब्धियों की भांति ये गिनना शुरू कर दिया था कि उसने कितने दिनों तक मनरेगा में काम किया और तो और उस पर अधिकारियों द्वारा यह भी कहा गया था वह मानसिक रूप से बीमार रहा करता था जबकि उसकी पत्नी ने बार-बार स्पष्ट किया कि उसके पति पूर्णता स्वस्थ थे ऐसी कोई भी समस्या व रोग नहीं था भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख युवा मोर्चा अश्वनी शर्मा व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला भाजपा मंडल के महामंत्री मणिकांत मिश्रा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पी के साए भाजपा के नेता रितेश श्रीवास्तव प्रणव अवस्थी आदि नेताओं के द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को बलौदाबाजार जिला के जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर मृतक परिवार के एक सदस्य को उसकी पत्नी को यथा योग्य सरकारी नौकरी देने उनके दोनों बेटियों के भविष्य को ध्यान में रखकर उनकी निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जाए उनकी दोनों बेटियों के नाम पर 5 5 लाख रुपए उनकी 18 वर्ष की उम्र तक किसी राष्ट्रीय कृत बैंक में फिक्स डिपॉजिट किया जाए तथा उनकी पत्नी को तत्काल मुख्यमंत्री सहायता कोष से 10 लाख की राशि सहायता के रूप में प्रदान किया जाए, यह मांगे अगर नहीं मानी जाती है तो भाजपा के युवा मोर्चा पीड़ित परिवार के साथ आगे भी न्याय की लड़ाई में उनके सामने कंधे से कंधा मिला करखड़ा होगा।

# भाजपा नेताओं ने ग्राम बम्हनी में किया वृक्षारोपण

**पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद**
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान तथा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके के नेतृत्व में भाजपा नेताओ ने ग्राम ब्रम्हनी में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर 100 से अधिक फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू मौजुद थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। शुध्द वातावरण और हरियाली के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करना जरूरी है। उन्होने भाजपा कार्यकर्ताओ और उपस्थित आमलोगो से भी अपील की कि वे अपने अपने घरो और आसपास सार्वजनिक क्षेत्रो में वृक्षारोपण करे। मंडल अध्यक्ष व नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए बारिश का मौसम सबसे अच्छा है।

# यातायात विभाग ने की कार्यवाही, 10 हजार रुपए वसूला समन शुल्क

**पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com





लाकडाउन के दौरान प्रतिबंध के बावजुद धर से बाहर निकलने वालो पर यातायात विभाग ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है । इसी के तहत आज बलौदाबाजार के कुकुरदी बायपास एव गार्डन चौक सहित अन्य चौक के पास चेक पाईट बनाकर वाहनो की जांच प्रारंभ की गयी । जिसमे से चार पहिया वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही की गयी जिसमे काले फिल्म लगाकर चलने वाली एक गाडी पर कार्यवाही की गयी इसके साथ ही बगैर सीटबेल्ट लगाये वाहन चलाने वालो पर भी कार्यवाही की गयी । साथ ही तेज आवाज वाली सायलेसंर लगे मोटर सायकल चालको के तीन सवारी पर भी कार्यवाही की गयी । कार्यवाही के दौरान लोगो को समझाईश भी दी गयी कि बेवजह धर से बाहर न निकले एवं लाकडाउन नियमो का पालन अवश्य करे । उक्त वाहनों से 1000 रूप्ये का समन शुल्क भी वसुला गया तथा सख्त हिदायत दी गयी कि आगे से जब भी वाहन चलाये सीट बेल्ट अवश्य लगाये एवं यातायात नियमो का पालन अवश्य करे । इसके साथ ही गाड़ी में आवश्यक कागजात अवश्य रखे । यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार सिह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर यातायात विभाग लगातार लोगो को समझाईश देने के साथ ही कार्यवाही कर रहा है और इसी के तहत आज कुकुरदी बायपास के पास पाईट लगाकर कार्यवाही की गयी जिसमे एक कार से काली फिल्म निकलवायी गयी एवं उनका चालान काटा गया साथ ही सीट बेल्ट बगैर लगाये चलने वाले वाहन चालको को चेतावनी के साथ समझाईश दी गयी एवं समनशुल्क भी लिया गया । साथ ही तेज आवाज वाली सायलेंसर लगी मोटर सायकल चालको पर भी कार्यवाही की गयी ।

# सतनामी समाज ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

- शिक्षा ही समाज के सर्वांगिण विकास की कुंजी : हेमंत सांग

**पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com




प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ जिला बलौदाबाजार द्वारा समाज के कक्षा दसवी व बारहवी मे 80 प्रतिशत से उपर लाये प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। महंत नैनदास महिलांग स्मृति स्थल मे सम्मानसमारोह का आयोजन कर जिले के लगभग 60 छात्रछात्राओ का मुख्यअतिथी प्रदेश सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सांग ने मोमेन्टो प्रदान कर सम्मान किया। प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ जिला बलौदाबाजार द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ के लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा कक्षा दसवी व बारहवीं में 80 प्रतिशत से उपर लाये हुए छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया । सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सांग थे ।हेमंत सांग ने उपस्थित समाज प्रमुखो एवं प्रतिभाशाली छात्रछात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज सर्वांगीण विकास की कुंजी है । जब समाज के लोग शिक्षित होगे तो हमारा समाज उन्नति के शिखर पर पहुंचेगा और हम प्रदेश व देश के विकास मे साहायक सिद्ध होगे । हमारा सबसे प्रमुख धर्म देश की एकता और अखंडता की रक्षा करना है और यह तभी संभव होगा जब हमारे समाज के बच्चे शिक्षित होकर उच्च पदो मे पहुचेंगे जिससे देश के साथ समाज का भी विकास होगा। आज यहां पर मुझे इन बच्चो को सम्मानित करते हुए बहुत अच्छा लग रहा है कि ये बच्चे जो 80 प्रतिशत से उपर लाये है प्रतिभाशाली है और आगे चलकर समाज को नयी दिशा देगे साथ ही उन बच्चो से कहना चाहुंगा कि यदि आप इनसे कम अंक लाये है तो हताश नही होना वरन मेहनत करना और आगे की कक्षाओ मे अच्छा अंक प्राप्त करना । उच्च पदो पर हर कोई नहीं पहुंच सकता पर शिक्षित व्यक्ति समाज को उच्च स्थान दिला सकता है ।

कार्यक्रम के पूर्व महंत नैनदास स्मृति स्थल में जैतखंभ में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी इसके बाद आये हुए अतिथीयो का समाज की ओर से पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया । तत्पश्चात सामज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया।

# शकुन्तला साहू ने करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

**पायनियर संवाददाता ‹ पलारी**
www.dailypioneer.com



शकुन्तला साहू संसदीय सचिव (संसदीय कार्य ,कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछ्लीपालन जल संसाधन एवं आयाकट) ने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। शकुन्तला साहू ने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों 2 करोड़ 9 लाख रुपये की स्वीकृति दिलायी ,विधायक विकास निधि से ग्राम पंचायत कोसमंदि हाई स्कूल मैदान समतलीकरण 5 लाख रु , बॉस बिनोरी में 2 गली कांक्रीटीकरण 6 लाख ,ग्राम पंचायत कोनारी पानी टंकी एवं पाइप लाइन के लिए 1 लाख ,कोसमंदि में गली कांक्रीटीकरण 5 लाख ,ग्राम पंचायत गिर्रा गली कांक्रीटीकरण 4 लाख ,गातापार में गली कांक्रीटीकरण 5 लाख रु ,ग्राम पंचायत कोलिहा गली कांक्रीटीकरण 8 लाख ,ग्राम पंचायत बम्हनपुरी गली कांक्रीटीकरण 7 लाख ,अहिल्दा गली कांक्रीटीकरण 10 लाख ,कोरदा गली कांक्रीटीकरण 4 लाख ,चिचिरदा गली कांक्रीटीकरण 2 रोड 10 लाख , रंग मंच निर्माण 3 लाख , ग्राम पंचायत धराशिव 7 लाख रु.। जिला खनिज संस्थान न्यास सर ग्राम पंचायत धनगांव सी सी रोड सह नाली निर्माण 5 लाख 20 हजार , मुंडा में 5 लाख 20 हजार ,लाहोद हाई स्कूल में रंग मंच निर्माण 4 लाख ,अमेरा के हाई स्कूल में सायकल स्टैंड निर्माण 5 लाख , कोसमंदि में हाई स्कूल सायकल निर्माण 7 लाख ,केसला में मिडिल स्कूल रंग मंच निर्माण 4 लाख ,कुसमी रंग मंच निर्माण हाई स्कूल 3 लाख ,ग्राम पंचायत दातान प सी सी रोड सह नाली निर्माण 5 लाख 20 हजार ,चरौदा में सी सी रोड सह नाली निर्माण 5 लाख 20 हजार ,ग्राम बांस बिनोरी सी सी सह नाली 1 लाख 67 हजार ,धौराभाटा कांक्रीटीकरण 2 लाख ,ग्राम पंचायत टेमरी रंगमंच निर्माण 4 लाख ,गबौद(म) ग्राम पंचायत आहाता निर्माण 8 लाख ,ग्राम पंचायत दातान प सी सी रोड सह नाली निर्माण 6 लाख 50 हजार आदि प्रशासकीय स्वीकृति मिली।

# गौधन न्याय योजना के गौठान सदस्यों की नियुक्ति में गाइड लाइन का उल्लंघन : शिवरतन शर्मा

**पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने गौधन न्याय योजना की शुरुआत में ही सामने आ रहीं गड़बड़ियों के मद्देनज़र प्रदेश सरकार और कांग्रेस की राजनीतिक नीयत पर सवाल खड़े किए हैं। शर्मा ने कहा कि इस योजना के लिए गठित गौठान समितियों के सदस्यों की नियुक्ति में प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का खुला उल्लंघन किया गया है, जिससे ग्राम सभाओं में व्यापक असंतोष उभर रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने भाटापारा बलौदाबाजार ज़िले का हवाला देते हुए कहा कि इस योजना के तहत गठित की जाने वाली गौठान समितियों में चार सदस्य रखे जाने हैं, जबकि नौ अन्य सदस्यों के नाम ग्राम सभाओं में अनुमोदन के आधार पर इन समितियों में जोड़े जाने थे। संबंधित ज़िम्मेदार लोगों ने इन नौ सदस्यों के लिए 1.4 के अनुपात में 36 नाम ग्राम सभाओं से अनुमोदित कराके मंगाए थे। लेकिन ज़िला प्रभारी मंत्री द्वारा घोषित सूची में कांग्रेस के लोगों ने जो अपनों को उपकृत करने की गरज से सूची भेजी थी, गौठान समितियों में उन नामांकितों को ज़गह दी गई जबकि इन समितियों में ग्राम सभाओं द्वारा अनुमोदित लोगों को कोई ज़गह नहीं दी गई। शर्मा ने इस बात पर भी हैरत जताई कि ज़िला प्रभारी मंत्री ने जो सूची सरकारी स्तर पर जारी की है, उस पर कांग्रेस पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इस तरह गठित की गई गौठान समितियाँ अवैध मानी जानी चाहिए। इससे यह भी साफ हो चला है कि प्रदेश सरकार इस तरह योजनाएँ परोसकर प्रदेश को भ्रमित करने में लगी है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि इस योजना की शुरुआत तो प्रदेश सरकार ने कर दी है, पर अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इसके लिए फंडिंग कैसे होनी है? सन 2020-21 के बज़ट प्रस्ताव में इस योजना की न तो कोई चर्चा तक की गई और न ही इसके लिए कोई बज़ट प्रावधान रखा गया है। अब प्रदेश सरकार बिना बज़ट के इस योजना पर काम कर रही है तो साफ है कि वह प्रदेश में ढोंग, झूठ-फरेब और छलावों की राजनीति कर रही है। सरकार खरीदे गए गोबर की राशि का भुगतान 15 दिनों में करने की बात कह रही है तो यह साफ होना चाहिए कि इस राशि का प्रबंध सरकार कहाँ से और कैसे कर रही है?

## युवा को जगाने में उत्थान समिति का अहम योगदान

# घाटी में शहीद वीर जवानों की स्मृति में सांसद छाया वर्मा वृक्षारोपण किया

**पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा**
www.dailypioneer.com



समीप ग्राम मानपुर तुलसी में श्रीमती छाया वर्मा जी(राज्यसभा सांसद के गरिमामय उपस्थिति में गौरवग्राम तुलसी(मानपुर) ने शहीदों के स्मृति वृक्षारोपण कर गांव के गौरव को और बढ़ाया । तिल्दा के समीप के गौरवग्राम-तुलसी(मानपुर) में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति व मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज तिल्दा राज युवा कार्यकारणी के तत्वाधान में भारत चीन सीमा के गलवान घाटी में मातृभूमि के लिए शहीद हुवे जवानों के स्मृति में वृक्षारोपण व निःशुल्क 1500 पौधा वितरण का कार्यक्रम राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे छाया वर्मा ने सैनिक ग्राम से जाने जाने वाले गांव के मिट्टी को प्रणाम किया व कहा कि ऐसे भूमि जो भारतीय सेना के लिए जवान तैयार करते हो वो माटी बहुत ही पवित्र है।

यहाँ के युवा को जगाने में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति का अभिन्न योगदान है ऐसे जानकारी मिला है। ऐसे संस्था हमारे राज्य के गांव व छेत्र के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे है। उन्होंने भारतीय सेना में सेवारत जवानों के माता पिता को प्रणाम करते हुवे, छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ खूबचंद बघेल को उनके जयंती पर याद कर ऐसे पुनीत अवसर पर वो भी माटी पुत्र शहीदों के स्मृति में वृक्षारोपण सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक जनकराम वर्मा जी ने बताया कि तुलसी उनका मामा गांव है और मामा भांजा का रिस्ता कैसा होता है किसी को बताने की आवश्यकता नही है।यहां से वो बचपन से जुड़े हुए है उन्होंने भी सभी शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ. खूबचंद बघेल जी को याद किया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे गांव के ही युवा समाजसेवी व छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के प्रदेश संयोजक संदीप वर्मा ने बताया कि हमारा गांव सैनिक ग्राम के नाम से छेत्र में जाना जाता है यहां से 35 युवा विभिन्न सुरक्षा विभागो व भारतीय सेना में सेवा प्रदान कर रहे है इसलिए वीर शहीदों के स्मृति में प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ उत्थान समिति वृक्षारोपण करता है, इसबार निःशुल्क पेड़ वितरण भी कर रहे है 1500 पौधा ऐसे सकारात्मक गतिविधि निरंतर संदीप वर्मा गांव में वर्ष भर चलाते रहते है उन्होंने सभी अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए व सदैव गांव वालों के प्रति ऐसा ही स्नेह बनाये रखने को सबसे प्रार्थना किया।

तिल्दा राज की राजप्रधानराधिका वर्मा ने डॉ खूबचंद जयंती पर विशेष प्रकाश डालते हुवे, खूबचंद बघेल को छत्तीसगढ़ का प्रथम स्वप्न दृष्टा के रूप में अवगत कराया उनके जन्मदिन पर तुलसी में वृक्षारोपण पर उन्होंने बधाई दिया। और कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए याद गार रहने वाला है।

# जिला प्रशासन के बेतुके आदेश के बाद थम गई शहर की रफ्तार

# शराब दुकान डिलीवरी बॉय रात आठ बजे तक घूमेंगे बेधड़क

■ बैठक में व्यापारियों ने किया सरेंडर, मानेंगे नियम, फुटकर व्यवसायी चिंतित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण को कंट्रोल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जारी किये आदेश के चलते कल रात बारह बजे से शहर भर में लाकडाउन लागू कर दिया गया।

गैरजरूरी होने के बावजूद इस आदेश की वजह से नगर निगम कश्तर में आज सुबह से सारा शहर थम सा गया। हालांकि शहर के व्यापारियों व् चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शुरूआती दौर में इसका जमकर विरोध किया लेकिन बुधवार को जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक में उन्होंने सरेंडर कर दिया । गौरतलब है कि व्यापारियों ने लॉकडाउन का विरोध करने की मंशा बना ली थी, जिसके लिये मंगलवार को तेरापंथी भवन में बैठक भी ली गई थी, लेकिन बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात करने के बाद व्यापारी मान गये हैं। गौरतलब है कि राजनांदगांव शहर में कुछ दिनों पहले लखोली में हुए कोरोना विस्फोट के बाद सारे शहर में स्थिति लगभग नियंत्रण में थी और गिने चुने ही मरीज मिल रहे थे । लेकिन हरेली के दिन मुख्यमंत्री के जारी आदेश के बाद एकाएक लाकडाउन को लेकर फिजा गरमाने लगी। शुरूआती दौर में कलेक्टर राजनांदगांव ने बैठक के दौरान कहा था कि शहर में स्थिति नियंत्रण में होने की वजह से लाकडाउन नहीं किया जाएगा लेकिन फिर दुसरे दिन अचानक से एक सप्ताह के लिए लाकडाउन का निर्णय शहर की जनता पर थोप दिया गया जिसे लेकर अब आम जनता में आक्रोश व्याप्त है।

### पुलिस प्रशासन की तगड़ी तैयारी , शहर में 200 जवान सम्हालेंगे मोर्चा

एक सप्ताह के लाकडाउन को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तगड़ी व्यवस्था की है . जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ल ने पायनियर को बताया कि लाकडाउन के दौरान शहर के सभी एक्जिट पॉइंट सील किये जाएंगे और शहर के अंदरूनी इलाकों में गस्ती बधाई जायेगी। शहर के सभी क्षेत्रों में लगभग 200 जवान मोर्चा सम्हालेंगे और किसी भी प्रकार से लोगों को लाकडाउन नहीं तोड़ने दिया जाएगा . शहर के गली मोहल्लों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की सीख दी जायेगी व् बिना मास्क के घूमने वालों का चालान काटा जाएगा।




कलेक्टर ने व्यापारियों की मांग को नाजूक हालात के बीच गैरजरुरी बताते हुए ठुकरा दिया। इसके बाद व्यापारियों ने दुकानें बंद रखने को रजामंदी तो दी लेकिन उनका विरोध अब भी जारी है। शहर के कई चौराहों पर ऐसे पोस्टर दिखाई दे रहे हैं।)

### दूध वाले सुबह 10 बजे तक बाँट सकेंगे दूध, लेकिन शराब की डिलीवरी रात 08 बजे तक

एक सप्ताह के शहर में कड़क लाकडाउन के जारी आदेश में बहुत से ऐसे पेंच हैं जो जिला प्रशासन के रवैये पर उंगलियां उठाने के लिए काफी हैं । एक और सुबह 06 बजे से सुबह 10 बजे तक ही आवश्यक सेवाओं को खोलने की अनुमति दी गई है और जरुरी कार्यों के लिए भी यदि कोई जरूरतमंद व्यक्ति सुबह 10 बजे के बाद बाहर निकला तो उस पर कार्यवाही तय है लेकिन शहर की शराब दुकानों के डिलीवरी बॉय सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक बेधड़क शराब की होम डिलीवरी कर सकेंगे। उन पर किसी भी प्रकार की बंदिश नहीं रहेगी । गौरतलब है कि लाकडाउन के जारी आदेश के बाद हांलाकि शहर के मोहारा, रेवाडीह की शराब दुकानें बंद रहेंगी लेकिन राजस्व का नुक्सान ना हो इस उद्देश्य से शराब की ऑनलाइन होम डिलीवरी शुरू रहेगी और शराब दूकान के डिलीवरी बॉय रात को 08 बजे तक जनता के घर तक जाकर उन्हें शराब पहुंचाकर देंगे ।

### इन आंकड़ों को पढ़कर डरने की जरुरत नहीं और ना ही लाकडाउन की


प्रदेश से जारी आदेश के बाद जिला प्रशासन ने जिस तेजी से लाकडाउन का फैसला लिया है उस पर सवाल उठाना लाजमी है। ना तो शहर सहित पूरे जिले में कोरोना की भयावह स्थित निर्मित हुई है और ना ही मौजूदा समय में स्थित नियंत्रण से बाहर है लेकिन ऐन त्योहारी सीजन में इस तरह का लाकडाउन सर्फ छोटे व्यवसायियों के कमर तोड़ने का काम कर रहा है. राजनाँदगाँव जिले के अभी तक के कोरोना के आंकड़ों पर यदि नजर डालें तो आज तक पूरे जिले में कुल 461 लोग संक्रमित हुए हैं जिनमे से कुल 420 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं और मात्र 39 लोग अभी अपना इलाज करवा रहे हैं . कोरोना से हुई मौत के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में अब तक केवल 03 मौतें हुई हैं जिमे से एक व्यक्ति 92 वर्षीय थे और कई बीमारियों से ग्रसित थे जबकि एक व्यक्ति की मौत ब्रेन हेमरेज से हुई और बाद में उन्हें कोरोना पोसिटिव पाया गया. ज्ञात हो कि जब कोविड अस्पताल में एक दिन में 50-50 लोग भर्ती किये जा रहे थे तब जिला प्रशासन ने लाकडाउन का निर्णय नहीं लिया लेकिन अब जब रायपुर में कोरोना विस्फोट हो रहा है तो वहां की देखा सीखी यहाँ भी लाकडाउन करके आम जनता को त्रास दिया जा रहा है।

### सैंपल में मात्र 2 प्रतिशत पॉजिटिव

शहर में गुरुवार को 7 नए मरीज मिले हैं। चार तुलसीपुर के हैं इनमें तीन एक ही परिवार के हैं और इसी परिवार से पहले ही दो संक्रमित मिल चुके हैं। एक उनका पड़ोसी है। चौखड़िया पारा में भी संक्रमित मरीज मिले हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि रोजाना चार सौ सैंपल जांचे जा रहे हैं। इस लिहाज से 7 संक्रमितों का आंकड़ा महज 2 फीसद बैठता है। यह आंकड़ा उतना बड़ा नहीं है जितना लखोली के वक्त था। बावजूद प्रशासन ने लॉकडाउन का फैसला लोगों पर थोप दिया है।

# कोविड-19 के प्रोटोकाल में पॉजिटिव सचिव सुपुर्दे खाक

## जनपद में बैठक की बात अफवाह, पैरालीसिस थे सचिव





पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद क्षेत्र में एक सचिव की मौत के बाद कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने से सभी वर्ग हतप्रभ है। पैरालिसिस लकवे के शिकार रहे 32 वर्षीय पंचायत सचिव की पैरालिसिस उपचार दौरान मौत के बाद 22 जुलाई को उनके गृहग्राम सोनेसरार में पीपीई किट पहनकर दाह संस्कार उपरान्त कोविड-19 के नियम शर्तो के साथ मेडिकल टीम द्वारा शव को दफन किया गया।

जनपद के विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से सचिव युवक 2 वर्षो से पैरालिसिस का उपचार जारी था। इस दरम्यान सचिव युवक ने कोरोना टेस्ट कराया था। निगेटिव रिपोर्ट आने पर ही उक्त सचिव युवक 16 जुलाई को ही उपचार कराकर तुम?ीबो? में आहूत सचिव संघ के चुनाव में हिस्सा लिया था। संघ ने अधिकारिक तौर पर बताया कि सचिव संघ चुनाव उपरान्त 17 जुलाई को युवक को सीना दर्द की शिकायत पर राजनांदगांव हॉस्पिटल दाखिल हुए थे। यहां से उन्हें राजधानी एम्स रिफर किया गया था। एम्स में हृदय रोग संबंधी उपचार दौरान 19 जुलाई को सचिव युवक ने दम तोड़ दिया था।

### हृदयरोग से मौत के बाद पॉजिटिव

संघ की माने तो पैरालिसिस से पूर्व से ग्रसित सचिव का एम्स में हृदय रोग के उपचार दौरान मौत के बाद कोरोना सैंपल लिए गए थे, मौत के उपरान्त 2 दिनों बाद आए सैंपल का रिपोर्ट पॉजिटिव निकल आने कोविड 19 के शर्तो पर गृहग्राम में सचिव युवक का पीपीई किट पहनकर दाह संस्कार उपरान्त मेडिकल टीम द्वारा कोविड-19 के नियमानुसार सुपुर्दे खाक किया गया है।

### मेडिकल टीम केयर में गृहग्राम में अंत्येष्टि

मेडिकल बीपीएम आरके कुर्रे की टीम में नोडल अफसर केपी साहू के मार्गदर्शन में अपरान्ह 4 बजे सचिव के परिजनों ने पीपीई किट पहनकर गहरे गड्ढे में दाह संस्कार किया। उपरान्त मेडिकल टीम के केयर में लाश दफन किये गए। संघ के पदाधिकारी 100 गज दूर से संस्कार में शामिल हुए। इधर 21 को 10 सचिवों के सैंपल के बाद 22 जुलाई को 13 सचिवों के सैंपल लिये गये। अन्य 36 का सैम्पल बाकी है।

### संघ द्वारा 50 लाख बीमा की मांग

सचिव संघ ने सीईओ को ज्ञापन सौपकर कोरोना काल में जोखिमपूर्ण सेवाकाल का हवाला देते सचिवों के 50 लाख बीमा कवर देने की मांग की है। दैनिक पायनियर को संघ ने बताया कि अध्यक्ष के पहल पर सभी सचिवों द्वारा 1-1 दिन का वेतन तथा जनपद की ओर से 25 हजार सहित 51 हजार की मदद दिवंगत के परिजनों को दी गई।

जनपद में सचिवों की गुरवार को मीटिंग ही नहीं हुई है।

**-रविकुमार,** सीईओ

# सचिव संघ में तीसरी बार अध्यक्ष बने रामदुलार

■ ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव में बनाई हैट्रिक

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव संपादित हुआ। चुनाव में कुल 69 पंचायत सचिवों ने भाग लिया। संघ के गत 2 बार के अध्यक्ष रामदुलार साहू तथा वरिष्ठ सचिव भुवालगिरी गोस्वामी अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में थे। पंचायत सचिवों ने रामदुलार साहू के पक्ष में मतदान कर लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किया।

संघ ने दैनिक पायनियर को आधिकारिक जानकारी में बताया कि सचिव संघ का निर्वाचन लोकतंत्र प्रणाली के तहत संपादित किया गया है। सचिव संघ चुनाव में रामदुलार साहू को 69 में 43 वोट मिले। वहीं भुवालगिरी गोस्वामी को 26 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार रामदुलार साहू ने 17 वोटों से चुनाव जीतकर हैट्रिक बनाई है।



संघ में उपाध्यक्ष नीलेश गुर्वे, सचिव योगेश साहू, सहसचिव रूप नायक, कोषाध्यक्ष येवेंद्र साहू नियुक्त हुए। इसी प्रकार मीडिया प्रभारी चमन साहू, नेमीचंद विश्वकर्मा व शेराज खान, संरक्षणगण गोकुल निषाद, पूनाराम खरे, दौवाराम साहू, लोकनाथ यदु व जन्तुराम दामले, प्रवक्ता पूनमचंद साहू, उपेश यादव, कृष्णा साहू, अनसुईया उइके, कार्यकारिणी सदस्य मोनिका खत्री, ज्योति यादव, राजकुमारी व मौसमी साहू, ओमकार साहू, कोमल साहू, प्रताप वर्मा व डेमन साहू तथा विशेष सलाहकार डेरहा साहू व भुवालगिरी गोस्वामी बनाए गए हैं।

### कबीरधाम जिले में मिले कोरोना के 33 पॉजेटिव मरीज

**कवर्धा।** एम्स रायपुर से जारी रिपोर्ट के आधार पर कबीरधाम जिले में गुरूवार को कोविड-19 कोराना वायरस से 33 संक्रमित व्यक्ति यों की पहचान की गई है। संक्रमित व्यक्ति यों में जिले के नगर पंचायत पंडरिया के 32 लोग शामिल है, जिसमें एक विद्युत विभाग में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल है। इसी तरह कवर्धा विकासखंड के खड़ौदा खुर्द में 10 साल की एक बालिका की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमित 33 व्यक्ति यों में 29 पुरूष और दो महिला तथा दो 10 एवं 13 वर्ष की बालिका भी शामिल है। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. केशव ध्रुव ने बताया कि एम्स से जारी रिपोर्ट के आधार पर कोविड-19 कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति यों की पहचान करते हुए सभी लोगों को बेहतर ईलाज के लिए तैयारियां शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत पंडरिया से 32 व्यक्ति संक्रमित हुए है। जिसमें 29 पुरूष और 17 व 13 वर्ष की बालिका शामिल है।

# नाबालिग किशोरी के हाथों गुस्से में मारा गया ईशान, जलाने की कोशिश भी की थी

■ पूछताछ में किशोरी ने कबूला जुर्म, बताया-मना करने पर भी टीवी से छेड़खानी कर रहा था

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

औंधी में हुई 4 साल की ईशान की हत्या जिसने की पुलिस ने ढूंढ निकाला है। आरोपी 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी है जो कि मृतक के पड़ोस में ही रहती है। पुलिस ने बताया कि यह वारदात गुस्से में घटित हुई। वारदात के दिन ईशान आरोपी नाबालिग किशोरी के घर टीवी देखने पहुंचा था। यहां उसकी बदमाशियों से परेशान किशोरी ने उसका गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि किशोरी ने शव को जलाने की कोशिश भी की थी और देर रात उसे खेत में फेंक दिया था। दिल दहलाने वाली इस वारदात को लेकर क्षेत्र के लोगों को नरबलि की आशंका थी लेकिन पुलिस ने इसकी असल वज़ह 24 घंटों के भीतर ही ढूंढ ली। परिजनों और आसपास के लोगों के बयान लेने के बाद उक्त किशोरी से पूछताछ हुई जिसने बाद में पूरी घटना का ब्यौरा दिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी लगातार यही बात दोहरा रही है कि उसने ही ईशान को मार डाला।

बताया गया कि, जब किशोरी ने ईशान को मारा तब दोनो घर पर अकेले थे। किशोरी के परिजन खेत गए हुए थे। मासूम की मौत के बाद किशोरी ने उसे जलाने की कोशिश की मगर नाकामयाब रही। इसके बाद उसने शव को घर के पीछे रेत में छिपा दिया। देर रात उसने शव को फिर से निकाला और खेत में फेंक दिया। ईशान के गुम होने के एक दिन बाद उसका शव पुलिस ने यहीं से बरामद किया था। घटना की पुष्टि करते एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि टीवी देखने के दौरान बार-बार हंगामा करने से गुस्से में आकर युवती ने बालक की हत्या की। वह अपने बयान में यही बात को दोहरा रही है। बताया जा रहा है कि घटना में परिवार के लोगों की भूमिका को लेकर भी जांच की है, लेकिन वारदात के दौरान परिजन खेत में ही थे। पुलिस का कहना है कि नाबालिग युवती से और भी सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। इस घटना को नरबलि से जोड़कर देखा जा रहा था।

## लॉकडाउन, गोधन योजना, नए खरीदी केंद्र को लेकर कलेक्टर सख्त

# गोधन न्याय योजना में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया है। यहां 23 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से लॉकडाउन किया जाएगा। इस लॉकडाउन में सभी को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराएं। उन्होंने कहा कि लोग बिना किसी कारण से घर से बाहर न निकले। घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाना अनिवार्य



होगा। मास्क नहीं लगाने पर अर्थदण्ड की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लॉकडान नहीं किया गया है, लेकिन उन क्षेत्रों में भी मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले कार्यालय ही खुले रहेंगे। वर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान बिना अनुमति के विभाग प्रमुखों को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों की संख्या कम हो गई है। इसके लिए प्रत्येक गांव में क्वारेंटाइन सेंटर न रखकर 10 ग्राम पंचायत के लिए एक क्वारेंटाईन सेन्टर बनाएं। इसके लिए जगह चिन्हांकित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सेन्टर में सभी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इन जगहों की निगरानी के लिए सचिवों की ड्यूटी लगाएं।

### बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही, 15 दिन में भुगतान

कलेक्टर वर्मा ने जनपद सीईओ से कहा कि गोधन न्याय योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का क्रियान्वयन लगातार होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोबर की खरीदी नियमित रूप से होनी चाहिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि खरीदे गए गोबर की राशि का भुगतान 15 दिवस में किया जाना है। इसका भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पहले से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वर्मा ने कहा कि अभी गौठानों में पर्याप्त मात्रा में गोबर खरीदी की जा रही है। उन्होंने इसके लिए वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा है।

### नए खरीदी केंद्र बनाने की तैयारी

वर्मा ने कहा कि किसान नये धान खरीदी केन्द्र बनाने की मांग कर रहे है। इसके लिए उन्होंने स्थानों का निरीक्षण कर प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है। जिन स्थानों पर चबूतरा का निर्माण पूरा नहीं हुआ है उसे जल्द ही पूरा करें। वर्मा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल की बीमा राशि का भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस वर्ष खरीफ मौसम में किसानों के बीमा संबंधित सभी दस्तावेज पूरा करें। सभी किसानों को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने जिले में प्लांटेशन की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास-आश्रम, शासकीय कार्यालय के परिसरों में प्लांटेशन कार्य पूरा होना चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

20200709020030/20200709020030

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2019-2020

छुरियाकला प.ह.नं. 00020[124/3 (0.0824 हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मुरारी कुमार
अनावेदक पक्षकार - रोहित कुमार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरारी कुमार पिता केवाराम जाति गवली निवासी ग्राम कल्लुबजारी तहसील - छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 17 तहसील छुरिया स्थित व्यपवर्तित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 552 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 124/3 (0.0824हे.) अनावेदक रोहित कुमार पिता बल्देव जाति कलार निवासी ग्राम वार्ड नो 03 छुरिया, तहसील छुरिया के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.012 हे. को आवेदक द्वारा अनावेदक से दिनांक 28.03.2019 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है. आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 06.08.2020 तक अपना दावा आपत्ति स्वयं वकील आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
छुरिया

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

20200709020031/20200709020031

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2019-2020

छुरियाकला प.ह.नं. 00020[393/28 (0.0730 हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-पुष्पा पिरदा
अनावेदक पक्षकार - गोविन्दराम

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा पिस्दा पति दिनेश कुमार जाति हल्बा निवासी ग्राम गिदर्री तहसील - छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 149 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 393/28 (0.0730 हे.) अनावेदक गोविन्दराम पिता संतराम जाति तेली निवासी कोलिहापुरी तहसील डोंगरगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.020 हे. को आवेदिका द्वारा अनावेदक से दिनांक 06.03.2020 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 06.08.2020 तक अपना दावा आपत्ति स्वयं वकील आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
छुरिया

# लॉकडाउन के पहले दिन घण्टों झमाझम बारिश पुलिस को राहत, सुबह से एक बजे तक सख्ती

■ मंत्री , विधायक,कलेक्टर, एसपी सब निकले सड़कों पर दिए सख्ती पूर्वक समझाइश फिर तेज बारिश से वैसे ही सड़कें हो गई सुनी

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के मद्देनजर जिले में आज से सख्ती पूर्वक लॉक डाउन लागू होने के चलते दोपहर 12 बजे के पहले ही सड़कें लगभग सुनी हो गई ।लोगो ने घरों में दुबके रहने में ही भलाई समझी मगर लाक डाउन को पहले ही दिन से कड़ाई के साथ लागू करने कलेक्टर ,एसपी तो सड़को पर निकले ही राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और विधायक शैलेश पांडेय भी सड़को पर निकल जायजा लेते हुए नागरिकों व पुलिस को समझाइश देते हुए दिखे तथा लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया ।

शहर की सड़कों पर पुलिस गश्त व पुलिस के वाहनें भी दौड़ते दिखी यह सब दोपहर एक बजे तक दिखी मगर उसके बाद घण्टों मूसलाधार बारिश होने से पुलिस को मशक्कत करनी नही पड़ी । लोग वैसे ही तेज बारिश के कारण घरों से नही निकले । भारी बारिश से शहर के कई इलाको में पानी भर गया । प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने महापौर रामशरण यादव और निगम सभापति शेख नजीरुद्दीन बरसते पानी मे ही निकल गए और पानी निकासी के लिए निगम अमले को निर्देशित किया । दोपहर एक बजे से हो रही बारिश शाम 5 बजे के बाद भी जारी था । बिलासपुर जिले में लॉक डाउन का पहला दिन पुलिस और प्रशासन के लिए राहत भरा साबित हुआ। तेज धूप और उमस के बाद भगवान इंद्रदेव की कृपा से दोपहर एक बजे शहर और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक बन्द नही हो पाया था लाकडाउन को सफल बनाने में बारिश ने अहम भूमिका निभाई। जिससे बारिश प्रभावित इलाके में कोई भी घर से बाहर नहीं निकल सका । लगभग ढाई घंटे तक हुई झमाझम बारिश के चलते शहर की सभी सड़कें सुनसान नजर आई और लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके रहे! नतीजा यह हुआ की पुलिस प्रशासन को दोपहर एक वजह से लेकर शाम चार पांच बजे तक लाकडाउन को सफल बनाने में जरा भी मेहनत नहीं करनी पड़ी! चौक चौराहों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान भी झमाझम बारिश के दौरान यहाँ वहाँ दुबके रहे! बहरहाल गुरुवार को हुई बारिश को लाकडाउन के पहले दिन प्रशासन के लिए यह बारिश राहत लेकर आया और लॉक डाउन का सख्ती से पालन के लिए उसे पहले दिन ज्यादा जूझना नही पड़ा। प्रदेश के राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल व शहर विधायक शैलेष पांडे आज लॉक डाउन की स्थितियों का जायजा लेने शहर में भ्रमण किये इस दौरान उन्होंने प्रशासन की तारीफ करते हुए आम जन को भी लॉक डाउन के नियमों का पालन कर कोरोना के संक्रमण से खुद को बचाने के लिए प्रेरित किया है।साथ ही उन्हें सहयोग करने को कहा है जो इस कोरोना काल के योद्धा है। पूरे प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए गुरुवार 23 जुलाई से बिलासपुर में भी पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया है। इसे प्रभावी बनाने के मकसद से गुरुवार सुबह पुलिस लाइन से पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल में फ्लैग मार्च किया ।लॉक डाउन का पालन करवाने और लोगों को हिदायत देने के उद्देश्य से सुबह-सुबह पुलिस के बाइक फ्लैग मार्च के बाद शहर में लॉकडाउन का असर दिखने लगा है ।जगह-जगह चौक चौराहों पर एक बार फिर से पुलिस कड़ी जांच पड़ताल कर रही है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी जाती रही । पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि यह लॉकडाउन केवल 1 सप्ताह का है इसलिए बेवजह की खरीदारी करने लोग घर से बाहर ना निकले। वहीं गुरुवार से ही अगले 7 दिनों के लिए शराब दुकानें बंद कर दी गई है। सभी शराब दुकानों को सील कर दिया गया है। 31 जुलाई तक यह शराब दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद अगर लॉकडाउन आगे बढ़ाया जाता है तो शराब दुकानें आगामी आदेश तक बंद रह सकती है । गुरुवार से ही लॉकडाउन प्रभावी हो गया है और आवश्यक सेवाओं को 12ः00 बजे तक खुलने की अनुमति दी गई है। सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस और एसपीओ सघन पड़ताल कर रही है। बिलासपुर के सबसे बड़े थोक मंडी व्यापार विहार में भी लॉक डाउन का असर दिखाई दिया ।गुरुवार को यहां आधे से अधिक दुकानें खुली ही नहीं। जो दुकाने खुली थी उन्हें भी 12ः00 से पहले ही बंद करवा दिया गया वही यहां ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां भी अपक्षाकृत कम नजर आई । सामान्य दिनों की तुलना में व्यापार विहार गुरुवार को विरान नजर आया । गोल बाजार , बुधवारी ,सदर बाजार ,मुंगेली नाका ,पूरा सरकंडा क्षेत्र , जूना बिलासपुर ,अग्रसेन चौक से पुराण बस स्टैंड तक ,तेली पारा समेत शहर के तमाम क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से व्यापारिक संस्थान पूरी तरह बंद हो गए ।

## क्विक न्यूज

### रतनपुर पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रतनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 लाख ?75000 रुपय की अवैध 29 पेटी गोवा शराब जब्त की गयी। पुलिस के अनुसार रतनपुर पुलिस को गुरुवार की रात टीयूवी 300 सफेद रंग की गाड़ी से भारी मात्रा में बेलगहना की ओर से शराब लाने की सूचना मिली । सूचना पर पुलिस ने रात में ही बेलगहना-रतनपुर मार्ग में घेराबंदी कर वाहन क्रमांक सीजी 08 जेड 63 65 नंबर के वाहन को रोका । वाहन की जांच में 29 पेटी गोवा शराब गाडी मे रखी मिली।वाहन में सवार भिलाई सेक्टर 6 निवासी अभिजीत चक्रवर्ती से पूछताछ की गई । उसके पास भारी मात्रा में शराब परिवहन करने कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आरोपी अभिजीत चक्रवर्ती को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत एक लाख 75 हजार रुपए बताई गई है।

### नायब तहसीलदार के पद पर राहुल कौशिक नियुक्त

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के आदेश के तहत राहुल कौशिक को राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग में नायब तहसीलदार (परि.) के पद पर नियुक्त कर जिला मुंगेली मे पदस्थ किया गया है। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने नवनियुक्त नायब तहसीलदार कौशिक को जिले मे 28 फरवरी 2022 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये है। प्रशिक्षण अवधि में राहुल कौशिक नायब तहसीलदार (परि.) निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और समय-समय पर कलेक्टर कार्यालय को प्रशिक्षण के बारे मे जानकारी देंगे।

# नवजात को तालाब किनारे फेंका

■ अब हुई गिरफ्तार, जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लोक लाज के भय से अपने ही नवजात को तालाब किनारे मरने के लिए छोड़ देने वाली कलयुगी मां को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पूंजीपथरा अन्तर्गत ग्राम डारआमा में 18 जुलाई को मानवता को कलंकित कर एक निर्मोही मां अपनी कोख से जन्मे नवजात शिशु को तालाब किनारे खेत के कीचड़ में छोड़ आयी थी। नवजात शिशु (बालिका) को थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा हास्पिटल में ईलाज कराकर चाइल्ड लाइन के संरक्षण में दिया गया था तथा घटना के संबंध में ग्राम कोटवार के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपिया के विरूद्ध धारा 315,317 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपिया 35 वर्षीय महिला को पूंजीपथरा पुलिस ने ढुंढ निकाली। पूछताछ में आरोपिया बतायी कि उसकी और भी बेटियां हैं, पति करीब 7 साल पहले छोड़ चुका है, मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है। अवैध संबंध से बालिका हुई है, लोकलाज के कारण 18 जुलाई को बालिका को खेत में छोड़ आयी थी। नवजात शिशु के पिता के संबंध में आरोपिया बता नहीं पा रही है। आज उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय भेजा गया जहां से जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

# 29 पेटी शराब के साथ पुलिस ने पकड़ा कार सवार को

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के साथ ही शराब दुकानें बंद कर दी गई है ।यही कारण है कि एक बार फिर से अवैध तरीके से शराब तस्करी और शराब खपाने की कोशिश तेज हो गई है। खासकर इस मामले में कुख्यात रतनपुर क्षेत्र में लगातार अवैध शराब पकड़ी जा रही है। बुधवार शाम को मध्य प्रदेश से बलोदा बाजार ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप रतनपुर पुलिस ने पकड़ी। महामाया चौक के पास नाकेबंदी कर कार को रोका गया जिसके बाद उसमें सवार एक चालक भाग खड़ा हुआ तो वही पुलिस के हाथ सेक्टर 6 भिलाई निवासी अभिजीत चक्रवर्ती लगा है ,जिसने बताया कि भिलाई निवासी आशीष डेविड की कार में यह लोग जैतहरी से शराब भरकर बलौदाबाजार ले जा रहे थे। इस वाहन में 29 पेटी गोवा शराब जब्त किया गया है,

वही रतनपुर पुलिस ने जाली सौरापारा में रहने वाले दीपक नेताम के घर छापा मारकर 105 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। इसी तरह मोहतराई में रहने वाले सुखनंदन साहू के घर पर भी छापा मारकर 10 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया है। माना जा रहा है कि शराब दुकान बंद होने के कारण एक बार फिर से शराब की अवैध आपूर्ति करने के मकसद से शराब तस्कर सक्रिय हो गए हैं। यही कारण है कि रतनपुर पुलिस भी उनके खिलाफ सतत कार्यवाही कर रही है।

# केंद्रीय जेल में 40 बंदियों को पैरोल पर छोड़ा जाएगा

■ जेल प्रशासन के लिए जेल में भीतर कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग कायम करना असंभव हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय जेल से आज देर शाम तक 40 और बंदियों को पैरोल पर छोड़ा जाएगा । इन सभी बंदियों को 31 अगस्त तक के लिए पेरोल पर छुट्टी दी गई है।यदि कोरोना संक्रमण का संकट इसी तरह बरकरार रहा तो इन के पैरोल की अवधि 31 अगस्त के आगे भी बढ़ाई जा सकती है। इसी तरह कोरोना वायरस के चलते ही केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा पूर्व में भी 250 बंधुओं को पैरोल में छोड़ा जा चुका है। वहीं जेल में कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग संभव न होने से संक्रमण का खतरा बना हुआ है । बिलासपुर के केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक बंदियों के बंद होने के कारण यहां रह रहे कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग असंभव होता जा रहा है। जेल प्रशासन के लिए यह बहुत बड़ी सिरदर्द बना हुआ है कि जेल के भीतर किस तरह सोशल डिस्टेंसिंग को कायम रखा जाये । ज्ञात को कि पिछले दिनों एक संक्रमित कैदी की आरटीपीसीआर जांच के उपरांत डिस्टेंसिंग को दरकिनार जेल में रखा गया था जिसे संपर्क में आकर एक प्रहरी भी कोरोना संक्रमण हो गया था ।तब से जेल के भीतर कोरोना का भय बना हुआ है । जिसे देखते हुए जेल प्रशासन कुछ चुंनिन्दा कैदियों को पेरोल पर छोड़ने का निर्णय लिया है ।

# एकल, निराश्रित, निःशक्तजन राशन कार्डधारकों को मिलेगा




■ जुलाई से नवम्बर तक एक किलोग्राम चना निःशुल्क

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल, निराश्रित, अन्नपूर्णा एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारको को चालू माह जुलाई से नवम्बर माह तक एक किलोग्राम चना निःशुल्क दिया जाएगा।

इस संबंध मे कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने जिले के सभी 368 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालको को निःशुल्क चना वितरण करने के निर्देश दिये है। उन्होने जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर अंत्योदय , प्राथमिकता,एकल, निराश्रित , अन्नपूर्णा एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारको को माह जुलाई से माह नवम्बर तक के लिए चने के आबंटन एवं वितरण की जानकारी ग्राम पंचायतो मे मुनादी कराकर तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से पर्याप्त प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये है। उन्होने चना के दुरूप्रयोग किये जाने तथा शासन के निर्देशों का अवहेलना किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के अनुसार कड़ी कार्यवाही करने की बात कहीं।

# शादी का झांसा देकर 3 महीने से नाबालिग बच्ची का दैहिक शोषण

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नाबालिग बगी को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने बताया कि चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रेगडा में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक ने 3 महीने पहले चंद्रपुर क्षेत्र में रहने वाली नाबालिक बच्ची को प्यार का झांसा देकर किराए के मकान में ले जाकर दैहिक शोषण करता रहा। उसके बाद वह अचानक फरार हो गया। इस बात की जानकारी पीड़िता ने परिजनों को दी। जिसके बाद कल परिजनों ने सुबह से चक्रधर नगर थाने में आकर घटना के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी। जहां घंटों इंतजार करने के बाद एफ.आई.आर नहीं लिखा गया। इस विषय मे यह भी जानकारी मिली है कि पीड़ित परिवार की शिकायत दर्ज करवाने के लिए रायगढ़ कांग्रेस की महिला नेत्री को सामने आना पड़ा। उन्होंने परिजनों को एसपी कार्यालय में साथ ले जाकर उपस्थित करवाया,तब कहीं जाकर नाबालिक बच्ची और उसके परिजनों की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जा सका। बीती देर रात उक्त मामले मे दर्ज हुए एफ.आई आर में आरोपी युवक के विरुद्ध-धारा-376, 366,34,आईपीसी 4/6 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### पत्नीहंता फरार आरोपी पुलिस हिरासत में

**रायगढ़.** पत्नी की निर्मम हत्या करने वाला आरोपी पति को सारंगढ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ दिवस पूर्व अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद से फरार था आरोपी पति जिसकी पता साजी में लगी सारंगढ़ पुलिस ने टीआई आशीष वासनिक के निर्देश पर उप निरीक्षक झामलाल मार्को की नेतृत्व में धनसाय कुर्रे , प्रदीप रात्रि नेपकड़ लिया । आरोपी पति पप्पू लहरे पिता छलिया उर्फ़ कलफ राम उम्र 38 वर्ष निवाशी झगरिन्डीह थाना बसना जिला महासमुंद हाल मुकाम होलधरपाली थाना सारंगढ़ जिला रायगढ़ मृतिका नोनी बाई लहरे पति पप्पू लहरे उम्र 35 वर्ष निवाशी होलधरपाली थाना सारंगढ़ के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

## बबलू अग्रवाल को 52 हजार का जुर्माना

# विजयपुर नाला अतिक्रमण मामले में निगम आयुक्त व एसडीएम ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिला कलेक्टर के आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम ने वार्ड क्र. 47 विजयपुर में चल रहे प्राकृतिक नाले पर अतिक्रमण के कब्जे को हटाने हेतु कार्रवाई की और काम रुकवाया गया। इस दौरान नाले पर कब्जा कर रहे भू-माफिया बबलू अग्रवाल को थाने ले जाया गया। बाद में निगम द्वारा उस पर 52 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया है। ज्ञात हो कि नगर निगम के महा सफाई अभियान के तहत वार्ड 47 विजयपुर में वार्ड वासियों एवं पार्षद पदुमलाल परजा के द्वारा प्राकृतिक नाले में स्लैग चुरा फ्लाईएश डालकर कब्जा के संबंध में शिकायत की गई थी जिसमें बजरंग पारा आने वाले समय मे बारिश पानी बाधित होने से डूब जाने की सम्भावना बताई गई। जिसे महापौर एवं आयुक्त ने तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया और निगम अफसर जेसीबी एवं कामगारों समेत कार्रवाई के लिए स्थल में पहुंचे,तो अतिक्रमण करने वाले सुशील(बबलू) अग्रवाल ने कार्रवाई में बाधा उत्पन्न की,जिस पर आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा तत्काल एसडीएम को सूचना दी गई और आर आई पटवारी द्वारा नाप जोख भी कराया गया ,किन्तु अतिक्रमण धारी के रसूख ओर तेवर को देखकर वार्डवासियो ने कलेक्टर को भी शिकायत की जिस पर कलेक्टर भीम सिंग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु एस डी एम उर्वसा एवम आयुक्त पांडेय को निर्देशित किया जिस पर एसडीएम एवं आयुक्त ने आज विजयपुर प्राकृतिक नाला के कब्जे को हटाने सुशील(बबलू )अग्रवाल को नोटिस देकर कार्रवाई की और काम रुकवाया।

# ससुरालियों पर एफआईआर कराने कई माह से भटक रही पीड़िता

■ 11 माह में दो बार शिकायत, कार्रवाई अब तक सिफर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के इस काल में एक तरफ जहां हर किसी को अपनी जान पर आफत आती नजर आ रही है तो दूसरी ओर दहेज लोभी ससुराली अब भी अपने करनी से बाज नही आ रहे हैं। दहेज प्रताड़ना देते हुए विवाहिता को घर से खदेड देने का एक और मामला सामने आया है। अहम बात यह है कि पीड़िता के द्वारा इस मामले को लेकर चक्रधर नगर थाने में दो बार लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक इस मामले में आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कोई भी एफआईआर दर्ज नही हो सका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के मालीडिपा में रहने वाली तरूण देवांगन का विवाह करीब तीन साल पहले 24 अप्रैल को बिलाईगढ निवासी किशन देवांगन के साथ हुआ था। विवाह में तरूणा के पिता के द्वारा अपनी कम हैसियत के बावजूद पूरी क्षमता के अनुसार दान दहेज देकर बेटी को विदा किया गया था। मगर शादी के कुछ माह पश्चात ही सम्मिलित परिवार में रह रहे पति किशन देवांगन सहित सास रंभा देवांगन, ससुर शत्रुघन देवांगन, जेठ किशोर देवांगन, देवरानी पूर्णिमा देवांगन तथा नंनद लता देवांगन के द्वारा तरूणा को दहेज कम लेकर आने की बात को लेकर ऊलाहना देते हुए प्रताड़ित किया जाने लगा। तरूण के ससुराल वाले उसे घरेलू हिंसा करके भी शारीरिक व मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। मगर गरीब परिवार के होनें के कारण तरूणा इस प्रताड़ना को लगातार सहती आ रही थी। इसी बीच नवंबर 2018 में उसे एक पुत्र हुआ इसके बावजूद उसके ससुराल पक्ष का प्रताड़ना नही थमा और तब से लेकर अब तक उसके ससुराल वाले तीन बार उसे अपने घर से निकाल चुके हैं और एक बार तो उसके पति ने उसके बगो को भी छीन लिया था।

# 'कोरोना' से बचाव के मंत्र

## 1 फ़िज़िकल दूरी-

भीड़ में जाने से बचे और कहीं भी किसी से भी 1 मीटर की दूरी ज़रूरी

## 2 साबुन से हाथ धोना-

थोड़ी-थोड़ी देर में साबुन पानी से हाथ धोना या सेनेटाइज करना ज़रूरी

## 3 फेस मास्क-

फेस मास्क या कपड़े के बने धोने योग्य फेस कवर का उपयोग अनिवार्य, इस के बिना बाहर निकलने पर 100 रु. जुर्माना

**मास्क या फेस कवर लगाए बिना बाहर निकले तो अर्थदंड**

Samvad-25880/1



छत्तीसगढ़ शासन सत्यमेव जयते

**छत्तीसगढ़ है तैयार, कोरोना की होगी हार**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403